तापमान
अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
जींद-कैथल भूमि

रोहतक, मंगलवार, 23 सितंबर 2025

10 शारदीय नवरात्र के पहले दिन मां दुर्गा ...

10 देवभूमि धाम में 400 साल से माता भ्रामरी धाम पर..

खबर संक्षेप

रंजिशन हमला करने पर दस के खिलाफ केस दर्ज

जींद। गांव बिटानी में रंजिशन हमला कर एक परिवार के लोगों को घायल करने पर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने दस लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव बिटानी निवासी जयभगवान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी मामन परिवार के साथ रंजिश चली आ रही है। उसी रंजिश के चलते मामन परिवार ने उसके परिवार पर हमला कर दिया।

टूरिस्ट बस की टक्कर से ट्रैक्टर चालक की मौत

कैथल। गांव मोहना में सोमवार को सुबह करीब 4 बजे टूरिस्ट बस द्वारा टक्कर मारे जाने से ट्रैक्टर चालक की मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव टपराणा जिला करनाल निवासी चंद्र लाल के रूप में हुई है। वह पांच बच्चों का पिता था। वह अपने एक अन्य साथी के साथ ट्रैक्टर में लकड़िया लेकर कैथल की और आ रहा था।

रंजिशन मारपीट करने छह पर मामला दर्ज

जींद। सफीदों रोड बाईपास के निकट कुछ लोगों ने रंजिशन हमला कर मारपीट करने तथा गाड़ी के साथ तोडफ़ोड़ करने पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गोपालपुरा रोहतक निवासी इंदू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कलायत निवासी बलजीत के साथ रंजिश चली आ रही है।

अमेरिका भिजवाने के नाम पर 12.60 लाख ठगे, केस

कैथल। युवक को अमेरिका भिजवाने के नाम पर 12.60 लाख रुपए ठगने का मामला प्रकाश में आया है। गांव सिरसल के मोहित ने पूंडरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि मार्च 2025 में उसके पास एक अज्ञात मोबाइल नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने कहा कि वह युवाओं को विदेश भेजता है। उसे कम से कम राशि में अमेरिका भेज देगा।

दो पिस्तौल के साथ एक चढ़ा पुलिस हत्थे

जींद। डिटेक्टिव स्टाफ ने गांव भिड़ताना के निकट एक युवक को काबू कर कब्जे से दो पिस्तौल बरामद किए हैं। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने पकड़े गए युवक के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डिटेक्टिव स्टाफ को सूचना मिली थी कि गांव भिड़ताना के निकट एक युवक अवैध असलहा के साथ खड़ा हुआ है। जो कहीं जाने की फिराक में है।

गाड़ी चोरी के मामले में पांचवां आरोपी गिरफ्तार

कैथल। कैथल पुलिस द्वारा वाहन चोरी के मामले में अपराधियों पर लगातार शिकंजा कसा जा रहा है। इसी कड़ी में कैथल से एक स्विफ्ट गाड़ी चोरी करने के मामले की जांच सीआईए-1 प्रभारी एसआई जसवंत सिंह की अगुवाई में एएसआई बिजेंद्र सिंह की टीम द्वारा करते आरोपी मॉडल टाउन रामगढ़ सरधाना पंजाब निवासी अमरीक को नियमानुसार गिरफ्तार किया।

पुलिस पर हमला करने के दो आरोपी गिरफ्तार

जींद। विकास नगर में पुलिस पार्टी पर हमला करने तथा तोड़फोड़ करने के दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है। डिटेक्टिव स्टाफ प्रभारी चंद्रपाल ने गत 20 सितंबर को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि को सूचना मिली थी कि विकास नगर में रेलवे पुल के नीचे नशा बेचा जा रहा है।

चावल के कट्टे चोरी के मामले में आरोपी काबू

कैथल। चलते ट्रक से चावल कट्टे चोरी करने के मामले की जांच एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टॉफ प्रभारी एस आई प्रदीप कुमार की अगुवाई में ए एस आई अशोक कुमार की टीम द्वारा करते आरोपी जाखौली अड्डा कैथल निवासी बंटी तथा चांद को काबू कर लिया गया।

करोड़ों रुपये से जींद नागरिक अस्पताल की पचास वर्ष पुरानी बिल्डिंग का रेनोवेशन, सीलन दिखा रही आईना

फॉल सीलिंग पर ही खर्च होंगे 2.38 करोड़ रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल की जर्जर हो चुकी 50 साल पुरानी बिल्डिंग को नया लुक देने के लिए एक पखवाड़े से काम जारी है। हालांकि फ्रंट में बिल्डिंग और सीएमओ कार्यालय को पूरा पीवीसी से ढका जा चुका है लेकिन अब भी बिल्डिंग के पीछे की तरफ काम शुरू नही हुआ है। यहीं सबसे ज्यादा सीलन भी है, जो बिल्डिंग की जर्जरता को दर्शा रही है। अगर बिना सीलन को ठीक किए पीवीसी आदि से बिल्डिंग को ढक दिया जाता है तो बारिश बिल्डिंग पर लगाए जा रहे करोड़ों रुपये बर्बाद कर देगी। फिलहाल पीवीसी आदि से फ्रंट को ढक कर उसका बाहरी रूप को भव्य बनाने के लिए महज लीपापोती कर दी गई है।

आए दिन उठ रहे जीर्णोद्धार पर सवाल

नागरिक अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग पर 14.91 करोड़ रुपये से जीर्णोद्धार कार्य एक पखवाड़ा पहले शुरू किया गया था। तब लगा था कि बिल्डिंग की दीवारों की सीलन, टूटते लैंटर, कंडम हो चुकी बिल्डिंग को कुछ साल और चलाने के लिए मरम्मत होगी लेकिन इन सब चीजों को दरकिसान फॉल सीलिंग, पीवीसी लगाने पर ज्यादा जोर दिया गया। बिल्डिंग की ईंटें भरभरा कर टूट रही हैं। दो साल बाद फिर से कंडम भवन को गिराने की नौबत आ जाएगी। ऐसे में करोड़ों रुपये बर्बाद करने का कोई फायदा नही था। इस जीर्णोद्धार पर सामाजिक व राजनीतिक संगठन सवालिया निशान खड़े कर चुके हैं। नागरिक अस्पताल की बिल्डिंग के बारजे में आई दरारों को भरे बिना ही पीवीसी फॉल सीलिंग चस्पा दी गई है। अस्पताल की जर्जर बिल्डिंग और उसी को पीवीसी फॉल सीलिंग से ढका जा रहा है जबकि पहले मरम्मत जरूरी थी। अस्पताल की लुक बढ़ाने पर पीवीसी लगाने के लिए 2.38 करोड़ रुपये का खर्च होना प्रस्तावित किया गया है। जिस पर काम जारी है। वहीं अस्पताल की जर्जर बिल्डिंग से निकले दिखाई देते लोहे के सरिये और ऊपर से सिर्फ ढका जा रहा है।

जींद। पुरानी बिल्डिंग के पिछले तरफ आई सीलन, जो बिल्डिंग की जर्जरता को दर्शा रही है।

लुक बढ़ाने के साथ-साथ अंदर भी इमरजेंसी व अन्य जगहों पर मरम्मत कार्य जारी : पीएमओ

नागरिक अस्पताल की पीएमओ डा. रघुवीर पूनिया ने बताया कि पीडब्ल्यूडी अधिकारियों द्वारा ही अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग का रेनोवेशन का कार्य कराया जा रहा है। अस्पताल का लुक बढ़ाने के साथ-साथ अंदर भी इमरजेंसी व अन्य जगहों पर मरम्मत आदि का कार्य जारी है। मरीजों को जल्द ही 20 बैड की इमरजेंसी मिलेगी। अस्पताल का लुक बढ़ाने के साथ-साथ अंदर भी इमरजेंसी व अन्य जगहों पर मरम्मत आदि का कार्य जारी है।जहां-जहां दीवारें खराब हैं उन्हें पहले ठीक करवाया जा रहा है।

अलेवा। नगूरां गांव में पीने के पानी की किल्लत को लेकर विधायक से मिलते बधाना गांव के ग्रामीण। *फोटो :हरिभूमि*

बोले ग्रामीण : 13 दिन से पेयजल की किल्लत से जूझ रहे, नारेबाजी

- पीने के पानी को लेकर विधायक से मिले बधाना के ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा

गांव बधाना में पीने के पानी की किल्लत 13वें दिन में प्रवेश कर गई है लेकिन अधिकारी अपनी जिद्द से ठस से मस नहीं हो रहे हैं। इसी के विरोध स्वरूप बधाना गांव के पुरूष तथा महिलाएं समाजसेवी रामकरण के नेतृत्व में उचाना कलां के विधायक देवेंद्र चतुर्भुज अत्री से नगूरां गांव में मिले। जहां विधायक ने ग्रामीणों की बात सुन मामले को लेकर जलापूर्ति विभाग के अधिकारियों को पीने के पानी मामले में जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। बधाना गांव के रामकरण, बिंद्र, पवन कुमार, राजेश, विकास तथा महिला सुदेश, निर्मला, बिमला, मीना, मुकेश आदि ने विधायक को बताया कि बधाना गांव में करीब 13 दिनों से सबमर्सीबल की मोटर की केबल जली हुई है। यही नही गांव में नहरी पानी के लिए रखी मोटर भी चल नही रही है लेकिन अधिकारी ग्रामीणों की समस्या का स्थाई समाधान न कर केवल मात्र टैंकरों के पानी की सप्लाई कर रहा है। टैंकरों के माध्यम से पूरे गांव की पीने के पानी की किल्लत दूर होना असंभव है।

फोन रिसीव नहीं किया

मामले को लेकर जलापूर्ति विभाग जींद के एसडीओ रणबीर सिंह से बात करने की कोशिश की गई तो उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया।

अधिकारी नही सुन रहे

बधाना गांव में 13 दिन से चल रही पेयजल किल्लत को लेकर उचाना विधानसभा भाजपा की संयोजक गोस्वामी नीरज देवी ने बधाना गांव के लोगों की समस्या को उचाना कलां के विधायक देवेंद्र चतुर्भुज अत्री के सामने प्रमुखता से रखा। उनके द्वारा विधायक को बताया कि बधाना गांव में 13-14 दिन से पीने के पानी की किल्लत है, लेकिन अधिकारी ग्रामीणों को बात नहीं सुन रहे हैं। जिससे अधिकारियों से बात कर गांव के लोगों की पीने के पानी की किल्लत को दूर करवाएं ताकि पीने के पानी के लिए महिलाओं को किसी समस्या का सामना न करना पड़े।

खरीद एजेंसियों के खरीदार सरकारी आदेशों को ठेंगा दिखाते नजर आए

एमएसपी पर नहीं हो रही धान की खरीद मंडी में 300 क्विंटल पीआर धान की आवक

सांयकाल तक कोई खरीदार सुध लेने नहीं पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

प्रदेशभर की सभी अनाज मंडियों में सरकार द्वारा सोमवार से खरीफ फसल की एमएसपी पर खरीद शुरू करने के निर्देश जारी किए गए थे लेकिन सोमवार को पहले दिन किसी खरीद एजेंसी का कोई खरीदार किसानों द्वारा यहां की अनाज मंडी में डाली गई फसल पीआरधान व बाजरे की सुध लेने नहीं पहुंचा। सोमवार को भी यहां की नई अनाज मंडी में खरीफ फसल पीआर व 1509 किस्म की धान, बाजरा, कपास सहित रबी फसल गेहूं व सरसों की आवक हुई। धान की किस्म 1509 की सोमवार को पहले दिन निजी खरीदारों द्वारा बोली लगाने के साथ ही कपास, बाजरा व गेहूं को भी बोली देकर निजी खरीदारों द्वारा खरीद किया गया। धान की किस्म पीआर की हैफेड द्वारा व बाजरे की सोमवार को हरियाणा स्टेट वेयरहाउस कार्पोरेशन द्वारा एमएसपी पर खरीद शुरू की जानी थी लेकिन इन दोनों ही खरीद एजेंसियों के खरीदारों ने किसानों की फसल को देखने व जांचने तक के लिए अनाज मंडी में दस्तक देना भी मुनासिब नहीं समझा। इससे खरीद एजेंसियों के खरीदार यहां सरकारी आदेशों को ठेंगा दिखाते नजर आए। अनाज मंडी में सोमवार तक किसान लगभग 300 क्विंटल पीआर धान लेकर पहुंचे और इसे एमएसपी पर बेचने के लिए सोमवार पूरा दिन खरीदारों का इंतजार करते दिखाई दिए और जब सांयकाल तक कोई खरीदार उनकी इस धान की सुध लेने नहीं पहुंचा तो अपनी फसल की रखवाली के लिए मंडी में ही पड़े रहने को विवश होना पड़ा।

किसान फसल की रखवाली के लिए मंडी में ही पड़े रहने को विवश

पाई। अनाज मंडी में सुखाया जा रहा धान। *फोटो :हरिभूमि*

खरीद एजेंसियों को निर्देश जारी

जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक व जिला नोडल अधिकारी राजेश आर्य ने बताया कि जींद की अनाज मंडियों में भी खरीद एजेंसियों के अधिकारियों को निर्देश जारी कर वो किसानों की फसल की मापदंड अनुसार तुरंत खरीद करवायेंगे। जिसके लिए संबंधित अधिकारियों की ड्यूटियां लगा दी गई हैं और चावल मिल भी अलॉट कर दिए गए हैं। खरीद एजेंसियां के किसी अधिकारी को खरीद संबंधी कोई थोड़ी सी भी कोताही नहीं बरतने दी जाएगी।

राइस मिल अलॉट नहीं

पाई। सरकार द्वारा आधी अधुरी तैयारी से किसानों की धान की खरीद की घोषणा कर दी है, जिससे आज खरीद के पहले दिन धान की खरीद शुरू नहीं हो पाई। जब मंडी में धान की अवाक शुरू हो गई है। पाई अनाज मंडी में इस समय लगभग 10 हजार बोरी पड़ी हुई है, जो अपने बिकने का इंतजार कर रही है। अभी तक सरकार के द्वारा आढ़तियों को उनकी आईं डी भी जारी नहीं की गई। इसी आईं डी पर ही किसानों की फसल की बिक्री होनी है तथा इसी पर किसानों के फसल के जे व आई फार्म जनरेट होने हैं। इतना ही नहीं अभी तक जिला प्रशासन ने खरीद एजेंसियों को राइस मिल भी अलाट नहीं किए गए। इसमें भी एक दो दिन का समय लग सकता है।

अनाज मंडी का किया निरीक्षण

कैथल। प्रदेश सरकार द्वारा सोमवार से अनाज मंडियों में पीआर धान की सरकारी खरीद शुरू कर दी है लेकिन 1509 किस्म की धान की खरीद शुरू नहीं हो पाई है। पीआर धान के खरीद को लेकर पहले दिन हरियाणा वेयर हाउस एजेंसी ने मंडियों का दौरा किया लेकिन नमी की मात्रा ज्यादा होने के कारण खरीद नहीं हो पाई। किसानों ने बताया कि प्राइवेट बेचते हैं तो 200 से 300 रुपये का नुकसान होता है, जबकि सरकारी रेट 2389 है। अधिकारी नमी की मात्रा ज्यादा बताकर धान की खरीद नहीं कर रहे हैं। वहीं किसानों ने बताया कि पीआर धान की खरीद तो शुरू कर दी है, लेकिन प्रबंध अधूरे हैं। अभी तक मिल तक अलाट नहीं हो पाए हैं। वहीं मंडियों में सुविधाओं का अभाव है। सड़कें टूटी पड़ी हैं, स्ट्री लाइट खराब हैं।

एमएसपी से कम भाव

मंडी में सोमवार को किसानों को अपना बाजरा भी निजी खरीदारों को एमएसपी से काफी कम भावों पर 1800 रुपये से दो हजार रुपये प्रति क्विंटल तक बोली देकर बेचना पड़ा जबकि सरकार द्वारा बाजरे का एमएसपी 2715 रुपये निर्धारित किया गया है। गेहूं 2300 रुपये से 2400 रुपये प्रति क्विंटल के भाव से किसानों द्वारा अनाज मंडी में बेचा गया। कपास के लिए भी बोली पर मंडी में केवल एक ही नामलेवा खरीदार दिखाई दिया और यह भी बोली पर 6900 रुपये प्रति क्विंटल के ऊंचे भाव से बिकी। सरसों लगभग 6800 रुपये प्रति क्विंटल के ऊंचे भावों पर बिकी तो वहीं धान की किस्म 1509 मंडी में पहले दिन की बोली पर निजी खरीदारों द्वारा लगभग 3158 रुपये प्रति क्विंटल के ऊपरी सिरे के भावों तक बिकती दिखाई दी।

नशा तस्करों की असली जगह जेल

- आमजन तस्करों की सूचना पुलिस को दें : कुलदीप बेनीवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिला पुलिस द्वारा लगातार नशा मुक्त जिला मुहिम चलाई जा रही है। डीएसपी कुलदीप बेनीवाल ने कहा कि कैथल पुलिस द्वारा आमजन को नशा ना करने बारे जागरूक करने के साथ साथ नशा तस्करों पर भी कड़ी कार्रवाई करके सलाखो पीछे जाएगा। डीएसपी ने कहा कि सभी थाना प्रबंधको व सीआईए पुलिस को निर्देश दिए हैं कि नशा तस्करी में संलिप्त लोगों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। पुलिस प्रशासन का उद्देश्य कैथल जिला को नशा मुक्त बनाने का है। परंतु इस मुहिम में जन सहयोग की आवश्यकता है। आमजन बिना किसी डर भय के नशा तस्करों की सूचना पुलिस को दें, पुलिस द्वारा कार्रवाई करके तस्कर को सलाखों पीछे भेजा जाएगा। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा। पुलिस की जागरूकता टीम गांव गांव जाकर विभिन्न प्रोग्राम आयोजित करके लगातार आमजन को नशा के दुष्प्रभाव बताते हुए नशा ना करने बारे जागरूक कर रही है।

कैथल। नशा न करने बारे जागरूक करती पुलिस टीम। *फोटो :हरिभूमि*

ट्रैक्टर से टक्कर मार पशुबाडा गिराने व मारपीट का आरोप

जींद। गांव नेपेवाला में जमीन विवाद के चलते ट्रैक्टर से टक्कर मार कर पशुबाड़ा गिरा कर कब्जा करने तथा विरोध करने पर मारपीट करने का मामला सामने आया है। गढ़ी थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। नेपेवाला निवासी कृष्णा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका पडोसी कृष्ण के साथ जमीन को लेकर विवाद चला आ रहा है। उसी विवाद के चलते कृष्ण परिवार के लोग उसके घर में घुस आए और ट्रैरैक्टर से टक्कर मार कर पशुबाड़े को गिरा दिया कर कब्जा कर लिया। जब उन्होंने विरोध किया तो आरोपित ने उसके परिवार के साथ मारपीट की। गढ़ी थाना पुलिस ने कृष्णा की शिकायत पर कृष्ण, बलकार, सचिन, अनु, पाली, जवाहर लाल के खिलाफ विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

पहले बरसात ने तो अब खाद की कमी ने किसानों की बढ़ाई परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष रिषीपाल हैबतपुर ने कहा कि डीएपी खाद की भारी कमी भाजपा सरकार की लापरवाही के कारण हुई है। जिसके चलते किसान को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पहले ही चेतावनी दी थी कि चीन द्वारा स्पेशियलिटी फर्टिलाइजर आपूर्ति रोकने से देश में खाद की कमी का सामना करना पड़ेगा लेकिन भाजपा सरकार ने समय रहते खाद की कमी से निपटने के लिए कोई ठोस कदम नही उठाया। उन्होंने कहा कि काफी स्थानों पर डीएपी खाद का स्टॉक पूरी तरह खत्म हो चुका है। किसान खाद के लिए मारे-मारे फिर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले बारिश से फसलों को काफी नुकसान हुआ। अब खाद के अभाव में किसान बुआई तक नही कर पा रहा है। भाजपा सरकार ने किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की बजाय उन्हें बाजार की मार झेलने के लिए छोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि आखिर कब तक किसान भाजपा सरकार की अव्यवस्था का शिकार बनता रहेगा। उन्होंने कहा कि सरकार खाद की कमी को तत्काल पूरा करे ताकि किसान को कुछ राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि जनता का मोह भाजपा सरकार से भंग हो चुका है। आने वाला समय कांग्रेस का है।

- खाद की कमी भाजपा सरकार की लापरवाही : रिषीपाल

पूंडरी। देवी मंदिर फतेहपुर में पूजा-अर्चना करते पुजारी व श्रद्धालु। *फोटो :हरिभूमि*

मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

पूंडरी। नवरात्रों की शुरुआत के पहले दिन माता मनसा देवी मंदिर फतेहपुर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही भक्त मां के जयकारों के साथ मंदिर पहुंचे और विधिवत पूजा-अर्चना कर मां दुर्गा से सुख-समृद्धि और मंगल की कामना की। मंदिर परिसर पूरा दिन आस्था और श्रद्धा से सराबोर रहा। मंदिर प्रबंधन कमेटी के प्रधान संजीव वालिया ने बताया कि नवरात्रों के दौरान विशेष प्रबंध किए गए हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर परिसर में साफ-सफाई, पेयजल और सुरक्षा की विशेष व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि मां के दरबार में श्रद्धालुओं को किसी तरह की असुविधा न हो, इसके लिए पूरी कमेटी तत्पर है। नवरात्रों में मंदिर में प्रतिदिन मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की पूजा-अर्चना की जाएगी।

शॉर्ट सर्किट से मकान में लगी आग, सामान जला

जींद। कोर्ट के पीछे न्यू कृष्णा कालोनी मे सोमवार को शार्ट सर्किट से मकान में लगी आग के कारण घर में रखा घरेलू सामान जलकर राख हो गया। मकान की छत भी जल कर नीचे गिर गई। गनीमत यह रहा कि घटना के दौरान परिवार के लोग बाहर गए हुए थे। न्यू कृष्णा कालोनी निवासी सुनीता पिछले कुछ समय से किराये पर मकान अपने दो बच्चो के साथ रह रही थी। सोमवार को बच्चे के साथ वह कार्यवश बाहर चली गई। पीछे से मकान में शार्ट सर्किट से आग भड़क उठी। पड़ोसियो ने घटना की सूचना सुनीता तथा फायर बिग्रेड को दी। जिसने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक घर मे रखा घरेलू सामान, बिस्तर, राशन समेत सब कुछ जल कर राख हो चुका था। मकान की कडियों की छत आग से जल जाने के कारण वह भी नीचे गिर गई।

स्वास्थ्य विभाग की बड़ी लापरवाही

17 साल के लड़के के जन्मप्रमाण में दिखाई 25 अक्टूबर 2025 जन्मतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जुलाना कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की बड़ी लापरवाही सामने आई है। एक 17 साल के लड़के की जन्मतिथि 25 अक्टूबर 2025 दिखा दी। जिस पर अभिभावकों को चक्कर काटने पर मजबूर होना पड़ रहा है। जुलाना के वार्ड 13 निवासी महिला सोनिया ने बताया कि उसका 17 साल का बेटा है। उसकी जन्मपत्री नही बनी हुई थी। जब सोनिया ने जन्मपत्री के लिए ऑनलाइन अप्लाई किया तो अस्पताल की ओर से आपति लगाई गई कि आपने जिस जन्मपत्री के लिए अप्लाई किया है, उसमें बच्चे का नाम सहदेव की जगह सदानंद है और माता का नाम सोनिया की जगह सोनी है। बच्चे की जन्मतिथि 25 अक्टूबर 2025 है। अगर यह आपके बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र है तो कृपा आवेदन आईडी प्रूफ संलग्न करें।

- स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाई गई आपति दिखाते हुए परिजन।

परिजन चक्कर काटने को मजबूर

स्वास्थ्य विभाग की बड़ी लापरवाही यह मिली कि 25 अक्टूबर आने में अभी एक महीने से ऊपर दिन बाकी हैं। तो ऐसे में किसी बच्चे की जन्मपत्री कैसे बना दी। बच्चे के परिजन इसको ठीक करवाने के लिए कार्यालयों के चक्कर काट रहे हैं लेकिन कोई भी समाधान नही हो पाया है। स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही परिजनों पर भारी पड़ रही है। परिजनों की मांग है कि उनके बेटे की जन्मपत्री जल्द से जल्द बनाकर दी जाए ताकि उन्हें हो रही परेशानी से निजात मिल सके।

शिक्षा निदेशालय ने फिर खोला दाखिले को पोर्टल

कैथल। कालेजों में सीट खाली रहने के चलते अब उच्चतर शिक्षा निदेशालय ने फिर से दाखिले के लिए पोर्टल खोल दिया है। कॉलेजों में रिक्त सीटों के प्रति अब 30 सितंबर तक दाखिला लिया जा सकेगा। इनमें यूजी और पीजी दाखिले शामिल हैं। पोर्टल खुलने के बाद भी कॉलेजों में दाखिला लेने के लिए नाममात्र ही छात्र पहुंच रहे हैं। कॉलेज प्रबंधन को रिक्त सीटें भरने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लेना पड़ रहा है। कालेज संचालकों की ओर से व्हाट्सएप ग्रुप, फोन व अन्य माध्यम से छात्रों को पोर्टल खुलने के बारे में अवगत कराया जा रहा है, ताकि छात्र अंतिम अवसर का फायदा उठाकर दाखिला ले सकें। किन्हीं भी कारणों से कॉलेजों में दाखिला लेने से वंचित रहे छात्रों को निदेशालय की ओर से एक सप्ताह से अधिक का अंतिम अवसर दिया गया है।

खबर संक्षेप

छात्रवृत्ति योजना के तहत आवेदन आमंत्रित

जींद। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि सामाजिक न्याय और अधिकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण अल्पसंख्यक (सेवा) विभाग हरियाणा द्वारा संचालित डा. अंबेडकर मेधावी छात्रवृत्ति संशोधित योजना वर्ष 2025-26 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। छात्र श छात्राएं इस योजना का लाभ उठाने को आवेदन पत्र 31 जनवरी तक पोर्टल पर जमा कर सकते हैं।

इनेलो प्रदेशाध्यक्ष ने लिया तैयारियों का जायजा

जींद। इनेलो के प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा ने सोमवार को जींद पहुंच कर जींद जिले में रैली की तैयारियों का जायजा लिया। माजरा को जींद, उचाना और नरवाना का प्रभारी बनाया गया है। जिला अध्यक्ष बिजेंद्र रेढू के अनुसार जींद से भारी संख्या में लोग रैली में पहुंचेंगे। कहा ताऊ देवीलाल न किसी एक राजनीतिक दल के व्यक्ति थे ना ही किसी एक जाति और धर्म के थे वह 36 बिरादरी के और राजनीतिक दल से ऊपर उठ कर एक जनप्रिय लोकप्रिय नेता थे।

रजबाहा रोड पर रक्तदान शिविर का आयोजन आज

उचाना। रजबाहा रोड पर जय मां बनभौरी आयल मिल के पास श्री श्याम कबड्डी अकादमी पर 23 सितंबर को रक्तदान शिविर का आयोजन होगा। शहीदी दिवस पर आयोजित रक्तदान शिविर का आयोजन श्री श्याम मेडिकल हॉल एवं श्री श्याम सर्कल कबड्डी अकादमी द्वारा किया जा रहा है।

धर्मकांटे से इन्वर्टर और बैटरी चोरी

जींद। गांव शामदो खेतों में बने धर्मकांटे से बीती रात चोरों ने इन्वर्टर तथा बैटरियों को चोरी कर लिया। अलेवा थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव शामदो निवासी हरेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने खेत में धर्मकांटा लगाया हुआ है। बीती रात चोरों ने धर्मकांटे से इन्वर्टर तथा दो बैटरियों को चोरी कर लिया।

सरपंच ने कीट-नकद ईनाम देकर किया सम्मानित

अलेवा। जुलाना के रामकली में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में चांदपुर गांव के खिलाडिय़ों द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त करने पर गांव में एक सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चांदपुर गांव के सरपंच राजेश नरवाल ने की। इस दौरान सरपंच ने खिलाडिय़ों को क्रिकेट कीट तथा नगद ईनाम देकर सम्मानित किया।

दो दिवसीय पहली अंडर 21 खो-खो महाकुंभ का समापन

जींद। हैबतपुर गांव में चली दो दिवसीय पहली अंडर 21 खो-खो महाकुंभ खेल का समापन हुआ। मुख्यातिथि के रूप में गांव के सरंपच रिषिपाल सिहाग ने शिरकत की और मेधावी खिलाडिय़ों को सम्मानित किया। प्रतियोगिता में हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पंजाब व दिल्ली से 24 टीम प्रतिभागी रही। हैबतपुर, सोनीपत, गाजियाबाद और प्रयागराज टीम सेमीफाइनल में पहुंची। सेमीफ ाइनल में हैबतपुर ने सोनीपत को हरा कर फाइनल में प्रवेश किया।

मंच पर दिखाया श्रवण कुमार का ड्रामा

नरवाना। नरवाना की पुरानी अनाज मंडी में श्री रामा भारतीय कला केंद्र के मंच पर गत रात्रि श्रवण कुमार का ड्रामा दिखाया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर समाजसेवी कुलदीप मोर व रघुबीर श्योकंद ने शिरकत की और फीता काट कर लीला का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथियों को केंद्र द्वारा पगड़ी बांधकर सम्मान दिया।

शहर के व्यापारियों को मेले का दिया निमंत्रण

जींद। आगामी सात अक्टूबर को अग्रोहा धाम में लगने वाले राष्ट्रीय मेले की तैयारियां जोरों पर हैं। इस अवसर पर अग्रोहा विकास ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने अग्रोहा विकास ट्रस्ट जिला जींद के प्रधान ईश्वर गोयल की अध्यक्षता में शहर के व्यापारिक प्रतिष्ठानों और विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों से मुलाकात कर मेले में सपरिवार शामिल होने का निमंत्रण दिया।

मां भगवती से मांगी परिवार कल्याण की मन्नतें

शारदीय नवरात्र के पहले दिन मां दुर्गा के दर्शनों के लिए उमड़ी भीड़

जिलेभर के सभी मंदिरों में लगी श्रद्धालुओं की लाइनें

कुटू के आटे पर स्वास्थ्य विभाग की नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन सोमवार सुबह मंदिरों में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा तथा मां शैलपुत्री के दर्शन कर सुखी जीवन की कामना की। अलसुबह से ही श्रद्धालुओं की शहर के सभी मंदिरों में लंबी-लंबी लाइनें लगनी शुरू हो गई थी। माता के दर्शनों के लिए महिलाओं की संख्या अधिक थी। नवरात्रों में मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ को ध्यान में रख कर मंदिर कमेटी द्वारा सुरक्षा के विशेष प्रबंध किए गए। मंदिर प्रबंध समिति ने महिला तथा पुरूषों के लिए मंदिर प्रांगण में बेरीकेटिंग की गई है। इस दौरान मंदिर की भव्य सजावट की गई। वहीं प्रशासन ने सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस की चौकसी की गई थी वहीं मेला कमेटी के सदस्य भी पूरी सतर्कता से जुटे रहे।

जयंती मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने कहा कि नौ दिनों तक चलने वाले नवरात्रों में भक्त देवी मां के सभी नौ रूपों की पूजा अर्चना करेंगे। इनमें प्रथम शैलपुत्री, द्वितीय ब्रह्मचारिणी, तृतीय चंद्रघंटा, चतुर्थ कुष्मांडा, पंचम स्कंदमाता, षष्टम कात्यायनी, सप्तम कालरात्रि, अष्टम महागौरी तथा नव सिद्धिदात्री यह नौ शक्ति स्वरूप हैं। उन्होंने बताया कि जो नवरात्रों में देवी मां की पूजा-अर्चना करते हैं देवी मां उनके सभी कष्टों को हर लेती है। मां के भक्तों को चाहिए कि वो प्रथम नवरात्रे को मां की अखंड ज्योत जला कर, कलश स्थापन एवं देवायल तथा अपने घर पर ध्वजारोहण करके दुर्गा सप्तशती, दुर्गा स्तुति और दुर्गा चालीसा का पाठ करें। व्रतधारी फ लाहार एवं दूध का सेवन करें।

नवरात्र के प्रथम दिन मां जयंती देवी मंदिर में बच्चों को प्रसाद वितरित करते हुए श्रद्धालु।

जींद। जयंती देवी मंदिर में मां जयंती की पूजा करते हुए श्रद्धालु।

दुकानदारों को निर्देश

माता के नवरात्रों में व्रत रखने वाले काफी लोग कुटू के आटे की रोटी खाते हैं। कई बार कुटू का पुराना आटा सेहत के लिए बेहद नुक्सानदायी साबित होता है। इसे देखते स्वास्थ्य विभाग ने करियाणा की दुकानों के संचालकों को यह निर्देश दिए हैं कि कुटू का पुराना आटा किसी भी कीमत पर नहीं बेचा जाए। ऐसा करते कोई पाया गया तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी।

पुख्ता प्रबंध किए

नवरात्र के अंतिम दिन जयंती देवी मंदिर में जागरण तथा मेले का आयोजन किया जाएगा। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए मंदिर के अंदर रेलिंग तथा बाहर बेरीगेट्स लगाए गए हैं। असामाजिक तत्वों से निपटने के लिए पुलिस सुरक्षा का प्रबंध किया गया।

वुड स्टॉक स्कूल में ज्ञान और मूल्यों का संगम में संदीप लता शर्मा का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

वुड स्टॉक स्कूल में सीबीएसई द्वारा शिक्षकों हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का विषय था मूल्य शिक्षा। कार्यक्रम का शुभारम्भ स्कूल निदेशक डा. नरेंद्र नाथ शर्मा, उपनिदेशक आशुतोष शर्मा एवं प्रधानाचार्या सुकीर्ति गौतम ने विशिष्ट प्रशिक्षक संदीपलता शर्मा का स्वागत पौधा भेंट कर किया तथा गरिमामयी वातावरण में दीप प्रज्वलन एवं पौधारोपण भी किया। इसके बाद प्रशिक्षण सत्र का संचालन करते संदीपलता शर्मा ने शिक्षकों को मूल्य आधारित शिक्षा की महत्ता से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल पुस्तकीय ज्ञान अर्जित करना नही है बल्कि इसका वास्तविक लक्ष्य विद्यार्थियों में अनुशासन, करुणा, ईमानदारी, संवेदनशीलता और जिम्मेदारी जैसे मानवीय मूल्यों का विकास करना है। यह भी बताया कि मूल्य शिक्षा से ही विद्यार्थियों का समग्र विकास संभव है।

- सीबीएसई द्वारा मूल्य शिक्षा पर प्रशिक्षण आयोजित

प्रशिक्षण अत्यंत ज्ञानवर्धक रहा

विद्यालय की प्रधानाचार्या सुकीर्ति गौतम सहित सभी शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थित रही। सभी ने माना कि यह प्रशिक्षण अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक रहा। शिक्षकों ने संकल्प लिया कि वे विद्यार्थियों को मूल्य आधारित शिक्षा प्रदान कर उन्हें एक बेहतर इंसान और जिम्मेदार नागरिक बनाएंगे। अंत में विद्यालय प्रबंधन द्वारा संदीपलता शर्मा को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत साफ-सफाई करते विधायक देवेंद्र अत्री व चिकित्सा अधिकारी डा. दीक्षा।

विधायक ने किया पौधारोपण

अलेवा। हरियाणा सरकार द्वारा चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के तहत उचाना कलां के विधायक देवेंद्र चतुर्भुज अत्री पीएचसी नगूरां पहुंचे। जहां पर स्वास्थ्य विभाग से जिला मलेरिया अधिकारी बिजेंद्र ढांडा, अलेवा सीएचसी प्रभारी डा. जितेंद्र शर्मा, नगूरां पीएचसी प्रभारी डा. दीक्षा यादव ने विधायक का स्वागत किया। इसी दौरान विधायक ने पीएचसी में एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण करने के अलावा चिकित्सों के साथ मिलकर स्वच्छता अभियान चलाया। विधायक देवेंद्र चतुर्भुज अत्री ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष में सरकार के निर्देशानुसार 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा चल रहा है। जिसके तहत सोमवार को नगूरां पीएचसी में स्वच्छता अभियान चलाने के अलावा एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण कर पौधे वितरित करते कहा कि लोगों को अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिए ताकि वायु प्रदूषण से निजात मिले सके। लोगों को जागरूक करते कहा कि नशा समाज में बुराई के रूप में पैर फैला चुका है।

पोषण माह के तहत स्कूलों में होंगी गतिविधियां

जींद। सेवा पखवाड़ा के तहत स्कूलों में पोषण माह के अंतर्गत स्कूलों में अलग-अलग गतिविधियां होंगी। इसमें विद्यार्थियों को 24 सितंबर को स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्रभात फेरी निकाली जाएगी। इसमें विद्यार्थियों को सिंगल प्लास्टिक यूज से होने वाले नुकसान के साथ-साथ प्लास्टिक से होने वाले प्रदूषण के बारे स्कूलों में अलग.अलग गतिविधियां होंगी। इसमें विद्यार्थियों को 24 सितंबर को स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्रभात फेरी निकाली जाएगी। इसमें विद्यार्थियों को सिंगल प्लास्टिक यूज से होने वाले नुकसान के साथ-साथ प्लास्टिक से होने वाले प्रदूषण के बारे में जानकारी दी जाएगी। इसके लिए हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद ने जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य व जिला शिक्षा अधिकारी के नाम पत्र जारी किया है। इस तरह होंगे कार्यक्रम आयोजित जारी किए गए पत्र के अनुसार 25 को सभी विद्यालयों में एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण अभियान चलाया जाएगा।

उत्तर क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता शुरू

उचाना। स्वामी गणेशानंद सनातन धर्म विद्यालय उचाना में 36वें उत्तर क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिा का शुभारंभ हुआ। खो-खो, कबड्डी प्रतियोगिताओं में उत्तर क्षेत्र के के जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, दिल्ली एवं हरियाणा के लगभग 800 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। विभिन्न आयु वर्गों में खो-खो व कबड्डी की प्रतिस्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। शुभारंभ पर मुख्य अतिथि के तौर पर विधायक उचाना प्रतिनिधि रामचंद्र अत्री पहुंचे। विशिष्ट अतिथि के रूप में भारत की महिला पर्वतारोही अनीता कुंडू, समाज सेवी देवा सिंह श्योकंद पहुंचे। रामचंद्र अत्री ने कहा कि विद्या भारती जैसे संगठन खेलों के माध्यम से छात्रों में नेतृत्व अनुशासन व समपण जैसे गुणों का विकास कर रहे हैं। इस प्रकार के आयोजन खेल महाकुंभ के रूप में उत्तर क्षेत्र के खिलाडियों को अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए मंच प्रदान करते हैं जिससे वे राष्ट्रीय स्तर तक अपनी प्रतिभा स्थापित कर सकें। प्रदेश के अनेकों खिलाडियों ने अलग-अलग प्रतिस्पर्धा में विश्व स्तर पर देश का नाम रोशन किया है।

उचाना। खेलकूद प्रतियोगिता में दमखम दिखाते हुए खिलाड़ी।

जींद। नरेश जागलान को स्मृति चिन्ह देते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

डिजिटल डिटॉक्स से जीवन में सहजता : नरेश

जींद। महात्मा गांधी शिक्षा एवं समाज विकास संगठन द्वारा हरियाणा नॉलेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड के सहयोग से अर्बन स्टेट जींद में सकारात्मक मनोस्थिति एवं मोबाइल से दूरी विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मनोवैज्ञानिक नरेश जागलान ने शिरकत की और विचार सांझा किए। नरेश जागलान ने बताया कि आज की तेज रफ्तार जीवनशैली में मानसिक स्वास्थ्य और संतुलन बनाए रखना सबसे बड़ी चुनौती है। लगातार मोबाइल, सोशल मीडिया और डिजिटल गैजेट्स के उपयोग से तनाव, चिंता और एकाग्रता की समस्या बढ़ रही है। डिजिटल डिटॉक्स यानी समय-समय पर तकनीकी साधनों से दूरी बनाना मानसिक शांति, बेहतर नींद और रिश्तों में सुधार के लिए बेहद जरूरी है। डिजिटल डिटॉक्स से जीवन सकारात्मक, मन स्वस्थ व बेहतर दृष्टिकोण विकसित होता है। आज की तेज रफ्तार डिजिटल दुनिया में जहां मोबाइल, इंटरनेट और सोशल मीडिया ने जीवन को सुविधाजनक बनाया है वहीं इसके अत्यधिक उपयोग मानसिक तनाव, नकारात्मकता और उत्पादकता में कमी का कारण बन रहा है।

धूमधाम से मनाई जाएगी शहीद भगत सिंह की जयंती

उचाना। 28 सितंबर को मनाई जाने वाली शहीद भगत सिंह जयंती को लेकर तैयारी जोरों पर चल रही है। कार्यक्रम संयोजक एवं साहित्य सेवा संगठन उचाना के महासचिव मा. रामप्रसाद ने बताया कि ब्राह्मण धर्मशाला में महा-रक्तदान शिविर और पुस्तक विमोचन कार्यक्रम होगा। मुख्य अतिथि राज्यसभा सदस्य सुभाष बराला होंगे तो अध्यक्षता विधायक देवेंद्र चतुर्भुज अत्री करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में हांसी के एसडीएम डॉ. राजेश खोथ, उचाना नगर पालिका के अध्यक्ष विकास काला शामिल होंगे। शिवानिया पब्लिक स्कूल उचाना में रोजगार मेले का आयोजन होगा। यहां पर युवाओं को निःशुल्क रोजगार मुहैया कराया जाएगा। कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार को लेकर ब्राह्मण धर्मशाला के उप-प्रधान पं. देशराज शर्मा ने प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शर्मा ने कहा कि 500 यूनिट का लक्ष्य रक्तदान का रखा है। बेरोजगार युवक, युवतियां को रोजगार मेले का फायदा होगा। शिक्षाविदों की टीम विभिन्न शिक्षण संस्थानों में प्रचार प्रसार करेंगे।

उचाना। प्रचार रथ को रवाना करते पं. देशराज शर्मा। *फोटो :हरिभूमि*

उचाना। सीएम नायब सिंह सैनी के साथ मंडलध्यक्ष छात्तर श्रवण मांडी।

सीएम ने काफिला रूकवा ग्रामीणों से की

उचाना। मांडी कलां से गुजरते समय रविवार शाम को भाजपा छात्तर मंडलध्यक्ष श्रवण मांडी की अगुवाई में ग्रामीणों को खड़े देख कर सीएम नायब सिंह सैनी ने अपना काफिला रूकवा कर ग्रामीणों से मुलाकात की। यहां पर श्रवण मांडी ने सीएम के समक्ष युवाओं के लिए ब्लॉक स्तर का खेल स्टेडियम बनाने के साथ-साथ अन्य मांगे रखी। सीएम ने जो-जो मांग रखी उनको पूरा करने का आश्वासन दिया। सीएम ने ग्रामीणों से सबसे पहले गांव के बारे में पूछने के साथ-साथ फसल से नुकसान के बारे में भी जानकारी ली। सीएम ने कहा कि किसानों को प्राकृतिक आपदा से घबराने की जरूरत नहीं है क्योंकि सरकार उनके साथ खड़ी है। 15 हजार रुपए प्रति एकड़ तक खराब हुई फसल का मुआवजा सरकार देगी। प्रदेश में जब कांग्रेस की सरकार थी तो दो-दो रुपए के चैक किसानों को मुआवजा के रूप में दिए गए थे।

नरवाना। सैन समाज की बैठक में उपस्थित सदस्य। *फोटो :हरिभूमि*

सैन धर्मशाला में खुलेगी ई लाइब्रेरी

नरवाना। सैन धर्मशाला नरवाना में समाज के लोगों की एक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता संरक्षक ओमप्रकाश सैन ने की। बैठक में सैन समाज ने सैन धर्मशाला में आधुनिक ई लाइब्रेरी खोलने का फैसला लिया। इस संबंध में राह संस्था के चेयरमैन नरेश सेलपाड़ नरवाना पहुंचे। सैन धर्मशाला के प्रधान डा. अमित सैन के प्रयासों से समाज की बैठक हुई जिसमें नरवाना में सैन समाज के बच्चों के लिए आधुनिक ई लाइब्रेरी खोलने का फैसला लिया गया। इस दौरान धर्मशाला के प्रधान डा. अमित सैन, उपाध्यक्ष रामकुमार सैनए राह ग्रुप फाउंडेशन के जिला अध्यक्ष राजेश टांक सहित सैन समाज के कई प्रतिनिधि एवं सदस्य मौजूद रहे। चेयरमैन नरेश सेलपाड़ व धर्मशाला के प्रधान डा. अमित सैन के अनुसार नरवाना की सैन धर्मशाला में खुलने वाली इस लाइब्रेरी में ई-रीडिंग की सुविधा के साथ-साथ अखबार, पत्रिकाएं और पुस्तकें भी उपलब्ध कराई जाएंगी। विद्यार्थी यहां न केवल अपनी शैक्षणिक पढ़ाई कर सकेंगेए बल्कि सामान्य ज्ञान और समसामयिक विषयों से भी जुड़ाव बना पाएंगे।

नायब सरकार किसान हितैषीः अत्री

- नवरात्र पर धान की खरीद शुरू कर किसानों को दिया सीएम ने तोहफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

हाइवे स्थित अतिरिक्त मंडी में चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता में विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री पहुंचे। प्रतियोगिता में विजेता को 21 हजार, द्वितीय को 11 हजार एवं तृतीय-चतुर्थ स्थान पर रहने वाली टीम को 1100-1100 रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार खेल, खिलाडिय़ों के लिए अनेकों योजनाएं आज बन रही है। खेलों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर नई-नई योजना बनाई जा रही है। इस तरह की प्रतियोगिताओं के आयोजन से खेलों को बढ़ावा मिलता है।

उचाना। खिलाड़ियों से रूबरू होते विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री। *फोटो :हरिभूमि*

ये रहे मौजूद

पत्रकार वार्ता में विधायक ने कहा कि पहले नवरात्र पर प्रदेश के किसानों को सीएम नायब सिंह सैनी ने तोहफा देते पीआर धान की सरकारी खरीद शुरू की है। किसानों को किसी तरह की परेशानी खरीद में नहीं आनी चाहिए। मिलरों की मांग को मानते सरकार ने चावल की डिलीवरी अवधि और बोनस राशि की अवधि 15 मार्च से 2025 से बढ़ाकर 30 जून 2025 की है। सीएम नायब सिंह सैनी निरंतर आमजन के हित में नायाब फैसले ले रहे है। किसान हित में पीएम नरेंद मोदी ने जो किसान निधि की शुरूआत की थी वो इतिहास का सबसे ऐतिहासिक फैसला किसानों के लिए है। निरंतर सम्मान निधि में वृद्धि सरकार कर रही है। इस मौके पर रणधीर पांचाल, प्रवीण जांगड़ा, मोहन शर्मा, अजय, मनोज, रितिक शर्मा, राहुल मौजूद रहे।

जींद। भ्रमण के लिए रवाना होते छात्राएं। *फोटो :हरिभूमि*

छात्राओं ने किया जुरासिक पार्क का भ्रमण

जींद। हिंदू कन्या कालेज के वाणिज्य विभाग द्वारा छात्राओं को जुरासिक पार्क का शैक्षणिक एवं मनोरंजक भ्रमण कराया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या डा. पूनम मोर ने छात्राओं को इस शैक्षणिक एवं मनोरंजक यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी और इसे सफल एवं ज्ञानवर्धक बताया। इस दौरान छात्राओं ने प्राकृतिक वातावरण और पार्क के आकर्षणों का आनंद लिया। वाणिज्य विभाग कि अध्यक्षा डा. उपासना गर्ग का मानना है कि ऐसे भ्रमण छात्राओं के ज्ञानवर्धन और व्यक्तित्व विकास में सहायक सिद्ध होते हैं। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को शैक्षिक वातावरण से बाहर निकालकर प्रकृति के बीच अनुभव प्राप्त करवाना तथा उनके व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करना रहा। यात्रा के दौरान छात्राओं ने वाटर पार्क में विभिन्न गतिविधियों का आनंद लिया। पानी के झरनों, रोमांचक स्लाइड्स और मनोरंजक खेलों ने उन्हें बेहद उत्साहित किया।इस प्रकार के भ्रमण छात्रों के लिए केवल मनोरंजन का साधन नहीं होतेए बल्कि यह उन्हें जीवन में नई चीजें सीखने, टीमवर्क का महत्व समझने और आत्मविश्वास बढ़ाने का मौका भी देते हैं।

आस्था | माता भ्रामरी शक्तिपीठ पर कंजक पूजन कर नवरात्र पूजा-अर्चना प्रारंभ की

देवभूमि धाम में 400 साल से माता भ्रामरी धाम पर जल रही अखंड ज्योत

मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए भंडारे सहित अन्य पुख्ता प्रबंध किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

शारदीय नवरात्र के प्रारंभ पर देवभूमि बनभौरी माता भ्रामरी शक्तिपीठ पर कंजक पूजन कर नवरात्र पूजा-अर्चना की शुरूआत की। माता भ्रामरी धाम को लेकर बताया जाता है कि अखंड ज्योत माता की 400 साल से जल रही है। प्रदेश ही नहीं बल्कि देश-विदेश से श्रद्धालु पूजा-अर्चना को आते है। यहां पर नवजात शिशु के सिर के सुच्चे बाल उतरवाने, नवविवाहित गठजोड़ा की पूजा करवाने की मान्यता है। कुलदेवी की पूजा के लिए श्रद्धालु पहले नवरात्र की पूर्व संध्या पर ही मंदिर परिसर पहुंचने शुरू हो गए थे। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए भंडारे सहित अन्य पुख्ता प्रबंध किए गए थे। सुरक्षा की दृष्टि से पूरे मंदिर परिसर एवं बाहर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए है तो पुलिस प्रशासन के साथ-साथ मंदिर परिसर में सिक्योरिटी गार्ड महिला, पुरूष की ड्यूटी लगाई है ताकि श्रद्धालुओं को पूजा-अर्चना में परेशानी न हो। मंदिर परिसर में महिलाएं माता के भजनों पर झूमी। मंदिर को फूलों के साथ सजाया गया तो यहां पर सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया है।

उचाना। पहले नवरात्र पर माता भ्रामरी धाम में कंजक पूजन में शामिल बेटियां।

बस स्टैंड पर पार्किंग व्यवस्था की

मां भ्रामरी देवी शक्तिपीठ के संस्थापक सुरेंद्र कौशिक ने बताया कि सभी श्रद्धालुओं से अपील करते है कि जो छठ की मान्यता है ये पुरानी मान्यता है। पहले लोग काफी दूर-दूर से आते थे। जब न तो फोन होते न कोई संदेश दे पाते थे इसलिए समय निकाल कर एक दिन एकत्रित होकर अधिकांश श्रद्धालु माता के दर्शन कर पूजा-अर्चना करते थे। उस समय से ये मान्यता हो गई थी। ऐसा कुछ नहीं है माता के जो नवरात्र है सभी नवरात्र शुभ है किसी भी दिन आकर माता के दर्शन श्रद्धालु कर सकते है कोई एक दिन विशेष तय करके श्रद्धालु न आए। इस बार माता हाथी के सवार होकर आई है जो देश, व्यापार के लिए शुभ संकेत है। श्रद्धालुओं के लिए बस स्टैंड पर पार्किंग व्यवस्था की गई है। मंदिर परिसर में बेरीगेटस लगाए गए है ताकि लाइन में लग कर दर्शन श्रद्धालु कर सकें। मंदिर परिसर में दर्शन के बाद भंडारा में प्रसाद ग्रहण श्रद्धालु कर सकते है।

नशा मुक्ति उचाना अभियान के तहत लोगों को जागरूक करते रामनिवास करसिंधु।

नशा मुक्ति अभियान चलाया

उचाना। पुरानी मंडी में अग्रवाल जनहित समिति द्वारा महाराजा अग्रसेन जयंती पर नशा मुक्त उचाना अभियान चलाते हुए लोगों को नशे से होने वाले नुकसानों के बारे में बताया। समिति संस्थापक रामनिवास करसिंधु ने कहा कि महाराजा अग्रसेन ने समाज हित में काम किए थे। महाराजा अग्रसेन जयंती पर नशा मुक्त उचाना अभियान की शुरूआत करते हुए नशे न करने के लिए लोगों को जागरूक करने के साथ-साथ संकल्प दिलाया गया। तीन व्यक्तियों ने नशा छोडऩे का संकल्प लिया। नशा का प्रभाव शरीर पर तो पड़ता ही है साथ में परिवार के सदस्य भी परेशान रहते है। जीवन में नशे से दूर रहना चाहिए ताकि परिवार खुशहाल हो साथ में शरीर स्वस्थ रहे। आज नशे की जो लत विशेषकर युवाओं के बढ़ रही है वो चिंता का विषय है। नशा शरीर को खोखला करता है तो तनावग्रस्त भी बनाता है। तनावग्रस्त होने से मनुष्य कोई भी कदम उठाने से पीछे नहीं हटता है। जो भी घटनाएं होती है वो नशा करके ही की जाती है। इसलिए नशे से बचना चाहिए साथ में दूसरे को भी प्रेरित करना चाहिए।

खबर संक्षेप

71वां श्री रामलीला महोत्सव आज से शुरू

गुहला चीका । श्री भवानी मंदिर में इस वर्ष भी आदर्श नाटक क्लब द्वारा 71वें श्री रामलीला महोत्सव का आयोजन बड़े ही धूमधाम और धार्मिक श्रद्धा के साथ किया जाएगा। संस्था के प्रधान बलबीर सैनी ने बताया कि यह संगीतमय श्री रामलीला महोत्सव 23 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि पिछले 70 वर्षों से रामलीला का मंचन निरंतर किया जा रहा है। इस बार रामलीला के मंचन के लिए अयोध्या और वृंदावन धाम से विशेष रूप से कलाकार बुलाए गए हैं।

जीएसटी रिफॉर्म से साकार होगा सपने

गुहला चीका। भाजपा जिला सह संयोजक जीएसटी प्रकोष्ठ शीशपाल जिन्दल ने कहा कि मोदी सरकार ने भविष्य के सपनों के मुताबिक जीएसटी रिफार्म किया है। जिन्दल पहले नवरात्र पर व्यापार से जुड़े लोगों को टैक्स की जानकारी दे रहे थे । नवरात्रि पर्व के पहले ही दिन से अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार लागू हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि देश की जनता को मोदी सरकार का यह बड़ा उपहार है। उन्होंने कहा कि यह जीएसटी उत्सव जनता की बचत को बढ़ाएगा, प्रदेश के हर गरीब, मध्यम वर्ग, किसान व सभी परिवार को इसका लाभ मिलेगा। भाजपा नेता ने सभी प्रदेशवासियों को नवरात्रि की बधाई दी।

नवरात्र के साथ साथ सांझी माता की पूजा भी शुरू

आधुनिकता की चमक में फीकी पड़ी 'आस्था' की डोर

नवरात्र शुरू होने से पहले घर की दीवारों पर बनाई थी सांझी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

अश्विन माह के प्रथम नवरात्रे से नगर में नवरात्रों के साथ साथ सांझी माता की पूजा भी शुरू की गई। सांझी माता की पूजा शुरू करने से पहले हर घर में माता सांझी की प्रतिमा दीवारों पर लगाई जाती है। नवरात्रे से एक दिन पूर्व भक्तजन अपने अपने घर की दीवारों पर मिट्टी की आकर्षक प्रतिमा बनाकर उन्हें दीवार पर सजाते है। महिलाएं सांझी माता की प्रतिमा कई दिन पहले ही बनानी शुरू कर देती है। बाजार में बनी बनाई सांझी माता का कैलेंडर भी उपलब्ध है। नवरात्रे के पहले दिन भक्तजन सुबह के समय सांझी माता की पूजा अर्चना कर माता के चरणों में जौ की बिजाई करते है ओर हर शाम को माता के गीत गाकर मन्नतें मांगी जाती है। पहले इस पर्व को लेकर महिलाओं में एक विशेष खुशी की झलक दिखाई देती थी, जो आज कल आधुनिकता की चमक-दमक की वजह से फीकी पड़कर रह गई है। पहले मोहल्ले की महिलाएं टोलियों में गीत गाती हुई किसी तालाब में सांझी माता का विसर्जन करने हर गली व तालाब पर दिखाई देती थी परंतु आधुनिकता की चकाचौंध में यह गुजरे जमाने की बात होकर रह गई है।

राजौंद। नवरात्रों के साथ सांझी माता की पूजा करते हुए। फोटो : हरिभूमि

प्रथम नवरात्रे पर मंदिरों में गूंजे मां के जयकारे

राजौंद। सोमवार को शुरू हुए प्रथम नवरात्रे पर नगर के मंदिरों में श्रद्धालुओं द्वारा लगाए गए जयघोषों से नगर के वातावरण को पुरी तरह भक्तिमय बना दिया। सुबह चार बजे से ही दुर्गा मंदिर, भद्रकाली मंदिर, प्राचीन शिव मंदिर, गांव में स्थित बाबा बहादुर बण मंदिर में भक्तों ने पहुंचकर पूजा अर्चना कर मां जगदम्बे भवानी से मंगल कामना की प्रार्थना की। नवरात्रों के पावन अवसर पर मंदिरों को खूब सजाया गया है। नवरात्रे के प्रथम दिन मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा तथा मंदिर में चल रहे भक्ति गीत माहौल को ओर भी भक्तिमय करने में सहायक सिद्ध हो रहे थे। श्रद्धालुओं द्वारा नवरात्रों के प्रथम दिन नवदुर्गा में प्रथम रूप में शैलपुत्री की पूजा अर्चना की गई। मंदिर के पुजारी ने बताया कि नवरात्रों में माता रानी की पूजा का अपना विशेष महत्व है। माता रानी अपने भक्तों के सभी दुखों को हरती है और उनकी सभी मनोकामना पूर्ण करती है। नवरात्रों में दुर्गा स्तुति का पाठ करने से घर में शांति आती है तथा मानसिक चिंताओं का हनन होता है। सुख समृद्धि आती है और हर प्रकार के कष्टों का निवारण मां दुर्गा की पूजा अर्चना से होता है।

राजौंद। दुर्गा मंदिर में कीर्तन करती हुई महिलाएं।

जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

डीएवी कॉलेज, चीका में 300 से अधिक खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला चीका

डीएवी कॉलेज, चीका में आयोजित जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में जिलेभर से आए खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा दिखाइ। करीब 300 खिलाड़ियों की भागीदारी वाली इस प्रतियोगिता का उद्घाटन पूर्व आईएएस डॉ. राज रूप फूलिया ने किया। मुख्य अतिथि डॉ. फूलिया ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल युवाओं के जीवन में अनुशासन, लक्ष्य और समर्पण का संचार करते हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे नशे से दूर रहकर खेलों के माध्यम से स्वस्थ और सकारात्मक जीवन अपनाएं। उन्होंने खेलों को जीवन का अहम हिस्सा बताया। कोच डॉ. सतनाम सिंह ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर अधिकारियों, कर्मचारियों, और स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त किया। खेलों से मानसिक और शारीरिक विकास के साथ-साथ भविष्य में करियर की संभावनाएं भी खुलती हैं।

कैथल। गुहला चीका विजेता खिलाड़ियों के साथ मुख्य अतिथि डॉ. राज रूप फूलिया और अन्य गणमान्य अतिथि मंच पर मौजूद। फोटो : हरिभूमि

ये रहे परिणाम

जेवलिन : अभय जिंदल (प्रथम), प्रिंस (द्वितीय), साहिल (तृतीय)
डिस्कस : निधि शिरा (स्वर्ण), मिलनदीप कौर (द्वितीय), जसप्रीत (तृतीय)
60 मीटर दौड़ (अंडर-16) : जानू गिल (प्रथम), अंकित (द्वितीय), अरुण (तृतीय और 600 मीटर दौड़ (अंडर-16): वीरेंद्र (प्रथम), सूर्या (द्वितीय), अरमान (तृतीय) व 400 मीटर दौड़ (अंडर-18): सुखविंदर (स्वर्ण), खुशी (द्वितीय), पलक (तृतीय)
ट्रायथलॉन–बी (अंडर-14 गर्ल्स): नीरत (प्रथम), खुशी (द्वितीय), दिशा (तृतीय) स्थान पर रहे। कार्यक्रम के अंत में विजेता खिलाड़ियों को पदक और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर कैथल एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव सोहनपाल सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

मार्किट कमेटी सीवन द्वारा चलाया गया स्वच्छता अभियान

सीवन। हरियाणा सरकार द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत सोमवार को नई अनाज मंडी व सब्जी मंडी सीवन में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व मार्किट कमेटी सीवन के सचिव मनजीत सिंह एवं सह सचिव राजबीर ने किया। अभियान के तहत मंडी परिसर, मार्किट कमेटी कार्यालय तथा सब्जी मंडी क्षेत्र की विशेष रूप से सफाई की गई। इस दौरान मंडी में काम करने वाले आढ़तियों और किसानों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया गया तथा उन्हें मंडी परिसर को साफ-सुथरा बनाए रखने की अपील की गई। सचिव मनजीत सिंह ने बताया कि स्वच्छ वातावरण से न केवल स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है बल्कि मंडी में आने वाले किसानों, मजदूरों व खरीदारों को भी बेहतर सुविधा मिलती है।

इंस्पायर अवार्ड मानक योजना 2025-26 : विद्यार्थियों के नामांकन की अंतिम तिथि 30

डा विजय लक्ष्मी

सुशील कुमार

कैथल । इंस्पायर अवार्ड मानक योजना सत्र 2025-26 के अंतर्गत विद्यार्थियों के नामांकन की अंतिम तिथि 30 सितम्बर, 2025 निर्धारित की गई है। जिला शिक्षा अधिकारी डा विजय लक्ष्मी ने बताया कि यह योजना भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग एवं राष्ट्रीय नवाचार प्रतिष्ठान द्वारा संयुक्त रूप से संचालित की जा रही है। योजना का मुख्य उद्देश्य विद्यालय स्तर पर नवाचार एवं रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना तथा विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना है। इस योजना के अंतर्गत चयनित विद्यार्थियों को उनके अभिनव विचारों एवं मॉडल्स को जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत करने का अवसर प्राप्त होता है। इससे बच्चों की वैज्ञानिक प्रतिभा को राष्ट्रीय पहचान मिलती है तथा भविष्य में अनुसंधान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उनका मार्ग प्रशस्त होता है। जिला विज्ञान विशेषज्ञ सुशील कुमार ने बताया कि विधार्थियों के नामांकन प्रक्रिया के लिए सभी विद्यालय मुखिया सरकारी व निजि स्कूल को निर्देश दिए जाते हैं कि वे अपने विद्यालयों के योग्य विद्यार्थियों का नामांकन ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से समयबद्ध रूप से करें। नामांकन हेतु विद्यालय प्रमुख अपने विद्यालय की यूजर आईडी एवं पासवर्ड का उपयोग कर पोर्टल पर लॉगिन करें और विद्यार्थियों के अभिनव विचारों/परियोजनाओं का विवरण दर्ज करें।

जिला कैथल में अभी तक 209 सरकारी स्कूल एवं 41 निजी स्कूलों के 1167 विद्यार्थियों का नॉमिनेशन किया गया है वे इस योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक विद्यार्थियों का नामांकन करवाएँ। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अंतिम तिथि 30 सितम्बर, 2025 के उपरान्त किसी भी परिस्थिति में नामांकन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

निबंध व पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित

संविधान ने महिलाओं को जो अधिकारी दिए, उन्हीं अधिकारों से आज मैं गांव की सरपंच: मीना कुमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

राजकीय आईटीआई कैथल में सेवा पखवाड़े के तहत संविधान पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा भारतीय संविधान पर निबंध व पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान प्रधानाचार्य सतीश मच्छाल प्रधानाचार्य एवं जिला नोडल अधिकारी राजकीय आईटीआई कैथल ने की। उन्होंने युवाओं से संविधान की जानकारी सांझा की तथा बच्चों को भारतीय संविधान के बारे में विस्तार पूर्वक बातचीत की।मुख्य अतिथि के तौर पर मीना कुमारी सरपंच ग्राम पंचायत सौंगल रही छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय संविधान की शक्ति के कारण ही आज महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुष के साथ कंधा से कंधा मिलाकर कार्य कर रही है। चाहे सीमाओं की सुरक्षा की बात हो या चौक चौराहों की बात हो हर क्षेत्र में महिला अग्रणी पंक्ति के तौर पर काम कर रही है। संविधान ने 50% महिलाओं के आरक्षण का अधिकार दिया जिसके कारण मैं आज सरपंच हूं। मैने अपने गांव में सौंदर्य के लिए गांव के चारों तरफ हरे-भरे पेड़ पौधे लगाकर व गांव का बाईपास, स्ट्रीट लाइट, लड़कियों की शिक्षा व किशोरी स्वास्थ्य पर विशेष तौर पर कार्य किया जा रहा है। मेरा संदेश है कि जिस प्रकार पढ़कर मैनें जनप्रतिनिधि के तौर पर मुकाम हासिल किया है, सभी बच्चे अपना लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत से आगे बढ़ें । कार्यक्रम को भगवान वामन तीर्थ कमेटी के प्रधान धर्मपाल महला, युवा क्लब सोंगल के प्रधान सुरेंद्र सिहाग, सरपंच प्रतिनिधि एवं पूर्व युवा मंडल प्रधान संदीप बांगड़ वर्ग अनुदेशक शमशेर सिंह मलिक सतीश सैनी संजीव किरमच आदि ने संबोधित किया व संविधान पर चर्चा की कार्यक्रम में मंच संचालन अनुदेशक रणधीर ढांडा इत्यादि मौजूद रहे।

कैथल। प्रधानाचार्य सतीश मच्छाल सोंगल की सरपंच मीना कुमारी को सम्मानित करते हुए फोटो : हरिभूमि

मैं एक सूटकेस में लेकर आई थी दो जोड़ी कपड़े

एक सूटकेस वह दो जोड़ी कपड़े लेकर आई थी आज हैं ग्राम सरपंच मीना कुमारी सरपंच ग्राम पंचायत सोंगल ने बताया कि उनकी शादी में दहेज के नाम पर वह अपने पति के घर एक सूटकेस वह दो जोड़ी कपड़े लेकर आई थी। मेरे पति एक समाजसेवी के तौर पर जाने जाते हैं । शादी के वक्त मेरे पति युवा क्लब सौंगल के प्रधान थे और इलाके में उनकी खूब चर्चा हुई थी और उनकी इसी ईमानदारी और कर्तव्य निष्ठा के कारण आज गांव ने मुझे सरपंच के तौर पर सम्मान दिया।

अग्रसैन जयंती पर अग्रवाल धर्मशाला में हवन, आदर्शों को अपनाने का संकल्प

कैथल। हवन में आहुति अर्पित करते प्रधान साहिल गर्ग म्यौली व समाज के लोग।

पूंडरी। पुंडरी की अग्रवाल धर्मशाला में अग्रसैन जयंती पर हवन-यज्ञ किया गया। मंत्रोच्चारण और वेदिक परंपराओं के बीच किए गए इस धार्मिक अनुष्ठान में समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और महाराजा अग्रसैन के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. सुभाष बंसल, एडवोकेट महेश मंगल, प्रधान अशोक बंसल व बलवंत राय गर्ग मौजूद रहे। इस अवसर पर अग्रवाल युवा सभा प्रधान साहिल गर्ग म्यौली ने कहा कि महाराजा अग्रसैन समाजवाद, उदारता और समानता के प्रतीक थे। उनकी शिक्षाएं आज भी समाज को नई दिशा देती हैं। उन्होंने कहा कि हमें अग्रसैन जी के बताए मार्ग पर चलते हुए एक-दूसरे की मदद करनी चाहिए और समाज में भाईचारे व संस्कारों की भावना को आगे बढ़ाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि अग्रवाल समाज हमेशा से सेवा, सहयोग और परोपकार की भावना को सर्वोपरि मानता आया है। ऐसे आयोजनों से समाज के युवाओं में संस्कारों के प्रति जागरूकता बढ़ती है और नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोडने का अवसर मिलता है। हवन-यज्ञ के बाद उपस्थित सदस्यों ने महाराजा अग्रसैन की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और समाज की उन्नति के लिए सामूहिक प्रार्थना की। कार्यक्रम के दौरान धार्मिक वातावरण के साथ-साथ सामाजिक एकता और भाईचारे का भी अद्भुत समागम देखने को मिला। इस मौके पर राजेश गोयल, मुकेश मंगल, रोबिन गोयल, महावीर कंसल, सलिंद्र गोयल मौजूद रहे।

कालेज में किया गया सम्मानित

आरकेएसडी की छात्रा काजल ने एमए में केयूके में किया टॉप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

आर के एस डी महाविद्यालय के सायंकालीन सत्र के राजनीति विज्ञान विभाग की एम.ए द्वितीय वर्ष की छात्राओ ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र द्वारा जारी परीक्षा परिणाम में काजल रानी ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र में प्रथम व जन्नत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मेधावी छात्राओं को आरवीएस एवं प्रबंधन समिति के प्रधान अश्वनी शोरेवाला व प्रबंधन समिति के कोषाध्यक्ष सुनील चौधरी, कॉलजियम के सदस्य गौरव मंगल, राजेश गर्ग, प्रवीण जैन, प्राचार्य डॉ राजबीर पराशर, सायंकालीन सत्र के प्राचार्य प्रभारी डॉ हरिंदर गुप्ता ने प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा को 3100 और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा को 2100 का नगद पुरस्कार प्रदान किया। उन्होंने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए मंगलकामनाएं की और इसके लिए उनको पढ़ाने वाले शिक्षकों को भी शुभकामनाएं प्रदान की। भविष्य में भी इसी प्रकार के बेहतरीन परिणाम विद्यार्थियों के आते रहेंगेऔर विद्यार्थी संस्था के बेहतरीन संसाधनों का उपयोग करके भविष्य में भी इसी प्रकार महाविद्यालय का नाम रोशन करें।

कैथल। अव्वल रहे विद्यार्थियों को सम्मानित करते पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

हुड्डा के गढ़ में उमड़ेगा भारी जनसैलाब

इनेलो ही प्रदेश में जनकल्याण का एकमात्र विकल्प : माजरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

पूर्व मुख्य संसदीय सचिव एवं इनेलो प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा ने कहा कि इंडियन नेशनल लोकदल ही प्रदेश में आने वाले समय में लोगों के पास एकमात्र विकल्प होगा। लोगों ने कांग्रेस का राज भी देख लिया। भाजपा को भी अपना लिया लेकिन जो आम आदमी को इनेलो सरकार में अधिकार व विकास का अवसर मिला, वो इन दोनों पार्टियों के राज में दूर-दूर तक देखने को नहीं है। लोग मौजूदा भाजपा सरकार से तंग आ चुके हैं। कांग्रेस प्रदेश में संगठन तक खड़ा नहीं कर सकती। इनेलो का कुनबा लगातार बढ़ रहा है। जो लोग इनेलो छोडक़रचले गए थे, वे इनेलो में वापस लौट रहे हैं। आने वाले समय में इनेलो प्रदेश में सरकार बनाएगी। उन्होंने इनेलो के जिला कार्यालय के उद्घाटन के बाद पत्रकारों से यह बात कही।25 सितम्बर को मनाए जा रहे ताऊ देवीलाल जन्मोत्सव को लेकर कार्यकत्र्ताओं को संबोधित करते हुए माजरा ने कहा कि आज पूरा देश का युवा, बुजुर्ग सहित आमजन इनैलो की ओर देख रहा है। इनैलो सुप्रीमो अभय सिंह चौटाला की अगुवाई में इनैलो परिवार मजबूत हो रहा है। उन्होंने ताऊ देवीलाल जयंती समारोह के लिए प्रदेश भर में दौरे किए हैं।

कैथल। इनैलो प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

सभी अग्रसेन जी के आदर्शों पर चलें : अमित

कैथल। जिला बार एसोसिएशन में पहली बार महाराजा अग्रसेन जयंती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एडीजे अमित गर्ग व अन्य जजों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। उनके साथ न्यायाधीश नंदिता कौशिक, मोहित अग्रवाल, विनोद कुमार, कंवल कुमार, विरेन कादयान, प्रिंस कुमार, तुषार शर्मा, संदीप कौर, जसमीत कौर, जसवीन कौर भी मौजूद रहे। इससे पहले बार रूम में पहुंचने पर एसोएशिन के प्रधान संदीप शर्मा, उप प्रधान हेमराज वधवा, सचिव सचिन सिंघल, कोषाध्यक्ष दिनेश भाटिया ने जजों का स्वागत किया। एडीजे अमित गर्ग ने कहा कि हम सबको महाराजा अग्रसेन जी के आदर्शों पर चलते हुए समाज में न्याय, समानता और भाईचारे को बढ़ावा दें।

सूचना

मैं, अशोक कुमार पुत्र श्री प्रेमचन्द निवासी मकान नंबर-208, वार्ड नंबर-11, सुभाष कॉलोनी, कलायत, जिला कैथल, हाल आबाद शिव कालोनी, जींद बयान करता हूं कि मेरा पुत्र आशीष व पुत्रवधु ज्योति मेरे, मेरी पत्नी व मेरे पुत्र अंकित कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

बअदालत श्रीमान सहायक कलैक्टर प्रथम श्रेणी अलेवा।

1 रानी विधवा 2 सीमा 3 सोनिया 4 मोनिया 5 काफी 6 कर्मजीत पुत्र राजपाल पुत्र प्रताप पुत्र रतना निवासीगण गांव बोहतवाला तहसील अलेवा जिला जीन्द।

प्रार्थीगण

1. राजकुमार 2. राजबीर 3. सुनील कुमार पुत्रान बलबीर सिंह पुत्र रतन 4. रामरती विधवा 5. सुखदीप 6. संदीप पुत्रान उदेसिंह पुत्र रतन सिंह 7. सुरेन्द्र पुत्र भीम सिंह 8. पाला राम 9. चैन सिंह 10. रमेश मृतक बजरिये कानूनी वारिसान सुनिता विधवा अक्षय पुत्र रमेश पुत्र दीपचन्द 11. वेदप्रकाश पुत्र मांगेराम पुत्र झुन्डा 12. राजकुमार 13. मनोज मृतक बजरिये कानूनी वारिसान (a) पुनम विधवा (b) साहिल (c) रक्षित पुत्रान मनोज 14 श्रीमति राजपति विधवा मृतक बजरिये कानूनी वारिसान (a) राजकुमार (b) मनोज मृतक बजरिये कानूनी वारिसान (a) पुनम विधवा (b) साहिल (c) रक्षित पुत्रान मनोज पुत्रान दयानन्द पुत्र मांगेराम निवासीगण गांव बोहतवाला तहसील अलेवा जिला जीन्द।

उतरवादीगण

दरखास्त तकसीम अराजी जरई रकबा खेवट न0 101 खतौनी न0 106 कुल मजरूआ 8 कनाल 0 मरला बजरिये जमाबन्दी 2018-19 व इंतकाल न. 1214 वाका मौजा गांव बोहतवाला तहसील अलेवा जिला जीन्द जैर दफा 111 पंजाब लैण्ड रिवेन्यू एक्ट व दीगर शहादत हर किस्म।

उपरोक्त अनुमान केस बाबत बंटवारा उपरोक्त जमीन प्रार्थी रानी विधवा राजपाल द्वारा मेरे न्यायालय में दायर किया है। अतः आप सब उतरवादीगण को इस नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 24.10.25 को असालतन या वकालतन मेरे न्यायालय में पेश होवे अन्यथा आपके खिलाफ एकतरफा कार्यवाही करके उपरोक्त केस का फैसला गुण दोष के आधार पर कर दिया जाएगा। बाद मियाद गुजरने पर कोई ऐतराज नही सुना जावेगा।

आज दिनांक 19.09.25 को मेरे द्वारा हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी किया गया।

हस्ता/-सहायक कलैक्टर द्वितीय श्रेणी अलेवा।

न्यायालय तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार साहिब जीन्द।

मनके विनोद कुमार पुत्र स्व. इन्द्र निवासी बाल्मिकी मोहल्ला, रामराये गेट जीन्द जिला जीन्द।

बनाम जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि मेरे पिताजी स्व. श्री इन्द्र पुत्र स्व श्री प्यारा निवासी बाल्मिकी मोहल्ला, रामराये गेट जीन्द जिला जीन्द का देहांत दिनांक 01.01.2011 को हो चुका है और मेरे दादा-दादी का देहान्त काफी समय पहले हो चुका है और मेरी माता जी श्रीमती कमला देवी पत्नी स्व. इन्द्र का देहान्त दिनांक 03.10.2021 को हो चुका है। इनकी मृत्यु के पश्चात इसके निम्नलिखित वारिस हैं :-
1. विनोद कुमार (पुत्र) 2. अशोक कुमार (पुत्र) 3. सवित्री (पुत्री) 4. वीना रानी (पुत्री) 5. बाला (पुत्री) 6. सुनीता देवी (पुत्री)
इनके अलावा उक्त मृतक का दीगर वारिस नहीं है जिसके संबंध मे प्रार्थी ने अपना शपथ पत्र भी प्रस्तुत कर दिया है। इसलिए हर आम व खास को इस नोटिस/इश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताए गए वारसान/उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक या इतराज हो तो वह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 30 दिन के अन्दर-अन्दर इस कार्यालय के कार्यदिवस पर अपना इतराज प्रस्तुत कर सकता है।
यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक... 01.09.25 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/-तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार साहिब जीन्द।

योग से पाया जा सकता है बीमारियों पर काबू

कैथल। सनसिटी के पार्क में सोमवार से 15 दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर शुरू हुआ। योग में महिला पंतजलि की राज्य प्रभारी अमर राविश तथा जिला योग प्रशिक्षक सूबे सिंह राविश विशेष तोर से उपस्थित हुए। शिविर का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम में जिला प्रभारी शांति, सुनीता कुमारी, अनिल राणा, अनुज कुमार, सनसिटी वेल्फेयर एसोसिएशन के वाइस प्रेजीडेट रमेश धनौरी, आशीष मेहता, सुनीता शर्मा, नरेश पंवार सैकडों योग साधकों ने भाग लिया। प्रशिक्षक सूबे सिंह ने साधकों को विभिन्न तरह के योग करवाए तथा उनके लाभ भी बताए। आज भागमभाग की जिंदगी में हमारा कठिन परिश्रम या शारीरिक श्रम खत्म हो चुका है।

राहत सिविल अस्पताल में लगाई नई मशीन, मरीजों को महंगे इलाज से मिलेगा छुटकारा

अब पित्त की पथरी का हो सकेगा फ्री ऑपरेशन

- जिला नागरिक अस्पताल में स्वास्थ्य विभाग ने कुछ समय पहले दी थी लेप्रोस्कोपी मशीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल के सिविल अस्पताल में अब स्वास्थ्य विभाग ने दूरबीन से पित्त की पथरी का ऑपरेशन शुरू कर दिया है। अब मरीजों को इलाज पर प्राइवेट अस्पतालों में मोटी रकम खर्च से छुटकारा मिलेगा।

स्वास्थ्य विभाग की ओर से अस्पताल में कुछ दिन पहले नई लेप्रोस्कोपी मशीन लगाई गई थी। जिसके अब चालू कर दिया गया है। अस्पताल में रोजाना दो से तीन मरीज भी पहुंचने शुरू हो गए हैं।

हालांकि, करीब 6 साल पहले यह मशीन कैथल के सिविल अस्पताल में लाई गई थी, लेकिन बाद में इसे बंद कर दिया गया था। अब उसके बाद फिर से विभाग इस मशीन को शुरू किया है। पहले इस मशीन को नूंह के सिविल अस्पताल में भेज दिया गया था, लेकिन अब फिर से यह मशीन कैथल के सिविल अस्पताल में आ गई है और मरीजों का इलाज शुरू हो गया है।

जिला सिविल अस्पताल के प्रिंसिपल मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर दिनेश कुमार ने बताया कि अस्पताल में लेप्रोस्कोपी मशीन आ गई है। इससे मरीजों को फ्री ऑपरेशन करवाने में सहायता मिल रही है।

कैथल। नागरिक अस्पताल में आई लेप्रोस्कापी मशीन। फोटो : हरिभूमि

प्राइवेट में हजारों रुपए आता हैं खर्च

उन्होंने बताया कि अगर यह ऑपरेशन प्राइवेट अस्पताल में करवाया जाता है, तो इस पर हजारों रुपए खर्च आ जाता है। अब अस्पताल में ही यह सुविधा मिलने से लोगों को प्राइवेट अस्पतालों में नहीं जाना पड़ेगा। उनके धन और समय दोनों की बचत होगी। नागरिक अस्पताल में आकर मरीज पित्त की पथरी का दूरबीन से ऑपरेशन करवा सकते हैं।

जिलेभर में महाराजा अग्रसेन जयंती पर हुए अनेक कार्यक्रम

महाराजा अग्रसेन के बताए मार्ग पर चलने का किया आह्वान

शोभायात्रा में महिलाओं ने फूलों की वर्षा की

अग्रवाल धर्मशाला अर्बन स्टेट में यज्ञ का आयोजन किया गया और सुबह अग्रसेन महाराज की प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया गया।

जींद। अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित यज्ञ में आहूति डालते हुए श्रद्धालु।

जींद। प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए अग्रवाल समाज के लोग।

जींद। शोभायात्रा में फूलों से सजी बग्गी पर विराजमान महाराजा अग्रसेन तथा शोभायात्रा में निकाली गई मां लक्ष्मी जी की झांकी।

जींद। शोभायात्रा में घोड़ों पर सवार महाराजा अग्रसेन के पुत्रों की झांकी।

जींद। शोभायात्रा में शामिल अग्रवाल समाज के लोग।

जींद। शोभायात्रा में श्री भारतीय कला केंद्र द्वारा निकाली गई सुंदर झांकी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद/नरवाना

जिलाभर में महाराजा अग्रसेन जयंती धूमधाम से मनाई गई। अग्रवाल धर्मशाला अर्बन स्टेट में यज्ञ का आयोजन किया गया। सुबह अग्रसेन महाराज की प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया गया। तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर शहर के गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत की। जिसमें सुमित जिंदल, राधेश्याम जिंदल, पवन सिंगला, बबलू गोयल, प्रवीण गर्ग, पवन गर्ग, सुशील गर्ग, सुरेश गर्ग, एफ सी सिंगला, सतीश जिंदल, आरके जिंदल, भोलाराम गुप्ता आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे। प्रधान दीपक गर्ग, सचिव अश्विनी जिंदल ने सभी को अग्रसेन जयंती की बधाई दी गई।

निकली शोभा यात्रा

नरवाना में सोमवार को अग्रकुल शिरोमणि महाराजा अग्रसेन महाराज की जयंती पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। महाराजा अग्रसेन की जयंती के मौके पर सोमवार सुबह कैनाल रोड पर स्थित महाराजा अग्रसेन अन्नक्षेत्र व मंदिर में पूजा अर्चना की गई और हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। जयंती समारोह के प्रधान हंसराज समैण, रोहताश सिगंला, नरेश जैन, ईश्वर गोयल, जयपाल बंसल, संजय चौधरी, राजेंद्र पाल गुप्ता, विनोद मंगला व अचल मित्तल सहित अग्रवाल समाज के लोगों ने यहां मंत्रोच्चारण के बीच यज्ञ में आहूति डाली और महाराजा अग्रसेन मंदिर में आरती कर प्रसाद बांटा। हवन यज्ञ के बाद अग्रवाल समाज के लोगों ने महाराजा अग्रसेन के मंदिर में पूजा अर्चना की। हवन यज्ञ व पूजा अर्चना के बाद शहर के रेलवे रोड पर स्थित महाराजा अग्रसेन चौक पर भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जयंती के मौके पर महाराजा अग्रसेन चौंक को भव्य रूप से सजाया गया। महाराजा अग्रसेन चौक पर समाज के अनेक लोग इक_ा हुए और महाराजा अग्रसेन महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। अखिल भारतीय अग्रवाल समाज के सदस्यों ने अनिल गुप्ता टीना के नेतृत्व में महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर महाराजा अग्रसेन को प्रसाद का भोग लगाया गया और लड्डू बांटे गए। महाराजा अग्रसेन की जयंती के मौके पर शहर में मुख्य मार्गों पर तोरण द्वार लगाए गए। दोपहर बाद अग्रवाल समाज द्वारा शहर में विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। बैंड बाजों के साथ निकाली गई यह शोभा यात्रा कैनाल रोड स्थित महाराजा अग्रसेन अन्नक्षेत्र से शुरू हुई और शहर के तमाम मुख्य मार्गों से होती हुई सनातन धर्म मंदिर में पहुंच कर संपन्न हुई। शोभा यात्रा में फूलों से सजी बग्गी पर महाराजा अग्रसेन विराजमान थे। जयपाल बंसल ने महाराजा अग्रसेन की भूमिका निभाई।

नगर के प्रसिद्ध बाबा गैबी साहब मंदिर के महंत अजय गिरी जी महाराज ने नारियल फोड़ कर शोभा यात्रा की शुरुआत की। शोभायात्रा में मां लक्ष्मी व एक रूपया-एक ईंट की सुंदर झांकी भी निकाली गई। शोभायात्रा में महाराजा अग्रसेन के 18 पुत्रों के रूप में 18 घोड़ों पर झांकी निकाली गई। इसके अलावा भारतीय कला केंद्र की ओर से भी एक सुंदर झांकी शोभा यात्रा में निकाली गई। शोभायात्रा शहर के जिस भी मार्ग से गुजरी। लोगों ने गर्म जोशी के साथ शोभायात्रा का स्वागत किया। शोभायात्रा में काफी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुई। शोभा यात्रा के समापन पर महाराजा अग्रसेन चौंक पर महाआरती का आयोजन किया गया।

रामलीला का मंचन शुरू

तीर लगने पर विलाप करने लगे श्रवण के माता-पिता

नरवाना। श्री भारतीय कला केंद्र के मंच पर दिखाए गए श्रवण कुमार के ड्रामे में विलाप करते हुए श्रवण कुमार के मां-बाप। फोटो:हरिभूमि

- रामलीला में मुख्य अतिथि डाडली खेड़ा के महंत से सिद्धेश्वर ने फीता काटकर शुभारंभ किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरवाना

नरवाना के हुड्डा ग्राऊंड में श्री भारतीय कला केंद्र के मंच से गत रात्रि रामलीला का मंचन शुरू हो गया। रामलीला के मंचन की शुरुआत श्रवण कुमार के ड्रामे के साथ हुई। रामलीला में मुख्य अतिथि के तौर पर डाडली खेड़ा के महंत से सिद्धेश्वर यति जी महाराज, नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि लक्ष्मण मिर्धा व समाजसेवी प्रोग्रमेश ने शिरकत की। उन्होंने फीता काटकर रामलीला की विधिवत शुरुआत की। सभी अतिथियों को मंच की ओर से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मंचन की शुरुआत से पहले गणेश वंदना कलाकारों द्वारा की गई। उसके बाद कलाकारों द्वारा मंच पर दिखाया गया कि किस तरह से श्रवण कुमार अपने अंधे माता-पिता को कंधे पर बिठा कर तीर्थ यात्राओं पर लेकर जाता है और इसी बीच उन्हें जंगलों में प्यास लग जाती है। अपने माता पिता की इच्छा को पूरी करने के लिए वह सरयू नदी पर पानी लेने के लिए चला जाता है और वहां पहले से ही शिकार की तलाश में मौजूद राजा दशरथ ने पानी से आ रही आवाज को सुन शब्दभेदी बाण छोड़ दिया। जो सीधा श्रवण कुमार को लगा। तीर लगते ही श्रवण कुमार ने अपने प्राण छोड़ दिए। फिर बाद में दशरथ पानी लेकर श्रवण कुमार के माता पिता के पास गया तो अंधे माता पिता ने कहा कि आप हमारे पुत्र नहीं हो। कौन हो और हमारा बेटा कहां है। फिर राजा दशरथ ने व्यथा सुनाई।

राम की रसोई लगाई

हुडा ग्राऊंड में ही आयोजकों द्वारा पहली बार राम की रसोई लगाई गई। जिसका शुभारंभ बलराज गर्गए राम अवतार बंसल व मोहन लाल गर्ग ने किया। मंच संचालन रामनिवास जैन व राकेश शर्मा ने संयुक्त रूप से किया।

खबर संक्षेप

पीएम विश्वकर्मा योजना से मिल रही नई पहचान

कैथल। डीसी प्रीति ने कहा कि शिल्पकार व कारीगर समाज के नवनिर्माण में अपना बहुमूल्य सहयोग देते हैं। शिल्पकारों व कारीगरों के हुनर को सम्मान देते हुए केंद्र सरकार की ओर से पीएम विश्वकर्मा योजना चलाई जा रही है, जिससे उनके हुनर को पहचान मिल रही है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत 18 विभिन्न प्रकार के पारंपरिक व्यवसायों को शामिल किया गया है।

नवरात्र को लेकर लगी श्रद्धालुओं की लाइन

सीवन। आज से शारदीय नवरात्रों का शुभारंभ हो गया है। मंदिरों में फूलों और रंग-बिरंगी झालरों से भव्य सजावट की गई है। कई श्रद्धालुओं ने अपने-अपने घरो में भी अखंड ज्योत प्रज्वलित की और मां भगवती के आशीर्वाद की प्रार्थना की। भक्तों की भीड़ मंदिरों में काफी रही। पूरे वातावरण में मां के जयकारों और भजन की मधुर ध्वनि गूंजती रही। संत छवि रामदास ने बताया कि नवरात्रों के पहले दिन मां शैलपुत्री का पूजन किया जाता है। मां शैलपुत्री को पर्वतराज हिमालय की पुत्री है।

प्रतीक ने 60 मीटर दौड़ में जीता गोल्ड मेडल

राजौंद। अमर पब्लिक स्कूल किठाना के छात्रों प्रतीक ने 60 मीटर दौड़ में गोल्ड मेडल हासिल किया वह दिशा लॉन्ग जंप में सिल्वर मेडल, कृष 100 मी ब्रोंज मेडल, इशिका जैवलिन थ्रो में ब्रॉन्ज मेडल जीता 1 इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक सरोज ने छात्रों को बहुत-बहुत बधाई दी और आगे होने वाली खेल प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए बच्चों को प्रोत्साहित किया। स्कूल की प्रधानाचार्य प्रियंका ने बच्चों को बहुत-बहुत बधाई दी।

छात्रवृत्ति योजना 2025-26 के तहत आवेदन आमंत्रित

कैथल। डीसी प्रीति ने बताया कि सामाजिक न्याय और अधिकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण तथा अल्पसंख्यक (सेवा) विभाग हरियाणा द्वारा संचालित डॉ. अंबेडकर मेधावी छात्रवृत्ति संशोधित योजना वर्ष 2025-26 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। छात्र-छात्राएं इस योजना का लाभ उठाने हेतु आवेदन पत्र 31 जनवरी 2026 तक पोर्टल पर जमा कर सकते हैं।

केएम राजकीय महाविद्यालय में पुरस्कार वितरण 25 को

- जिन विद्यार्थियों ने 70 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त किए है उन्हें सम्मान मिलेगा

नरवाना। कार्यक्रम की जानकारी देती हुई कॉलेज प्राचार्या डा. मीनू सिंह। फोटो:हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरवाना

केएम राजकीय महाविद्यालय नरवाना में 25 सितम्बर को पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया जाएगा। प्राचार्या डा. मीनू सिंह ने बताया कि इस समारोह के मुख्यअतिथि के रूप में कपिल मुनि राजकीय महाविद्यालय कलायत से सेवानिवृत्त प्राचार्य राजेश सैनी व सेवानिवृत्त एसोसिएट प्रोफेसर लाल सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। प्राचार्या ने बताया कि समारोह में जिन प्रतिभाओं ने अपनी प्रतिभाए समर्पण एवं कड़ी मेहनत से महाविद्यालय का नाम रोशन किया है, उनको विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। सत्र 2023-24 में जिन विद्यार्थियों ने 70 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं। जिन्होंने कक्षा में प्रथमए द्वितीयए तृतीय स्थान प्राप्त किया। यूनिवर्सिटी लेवल पर पोजीशन प्राप्त की या टॉप 10 में आए हैं उन सभी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जाएगा। इसके अतिरिक्त सत्र 2024-25 के दौरान सहशैक्षणिक गतिविधियों जैसे सांस्कृतिक गतिविधि जिसमें जोनल, इंटर जोनल या यूनिवर्सिटी लेवल पर पोजीशन प्राप्त, खेलकूद प्रतियोगिता में नैशनलए राज्य स्तरीय खेलों में भाग लेने वाले प्रतिभागी भी सम्मानित होंगे।

जींद। चयनित छात्राओं को रवाना करते प्राचार्य। फोटो:हरिभूमि

आईटीआई में शिक्षुता एवं प्लेसमेंट कैंपस, 11 छात्राओं का हुआ चयन

जींद। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जींद में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत शिक्षुता एवं प्लेसमेंट कैंपस का आयोजन संस्थान के प्रधानाचार्य नरेश कुमार पांचाल की अध्यक्षता में किया गया। इस कैंपस का मुख्य उद्देश्य प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं को उद्योग जगत से जोडना तथा उन्हें बेहतर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना रहा। प्राचार्य ने बताया कि राजकीय आईटीआई जींद और महिला आईटीआई जींद में 18 सितंबर को भी संयुक्त रूप से जॉब फेयर का आयोजन किया गया था। जॉब फेयर में विभिन्न कंपनियों ने हिस्सा लिया। जिनमें झज्जर की एक कंपनी ने छात्राओं का इंटरव्यू लिया। कंपनी ने प्रतिभा और योग्यता के आधार पर 11 छात्राओं का चयन किया। यह चयन संस्थान के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि है। क्योंकि इससे प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली छात्राओं को उद्योग क्षेत्र में करियर बनाने का सुनहरा अवसर प्राप्त हुआ है।

भाजपा नेता अशोक गुर्जर से मिले पूर्व सांसद व पूर्व विधायक ईश्वर सिंह

- गुहला-चीका की राजनीति में नए समीकरणों की आहट

पूंडरी। वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक गुर्जर के साथ पूर्व राज्यसभा सांसद ईश्वर सिंह।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

हरियाणा की राजनीति में नई उठापटक के संकेत मिल रहे हैं। गुहला-चीका के दिग्गज और दो बार विधायक रह चुके पूर्व राज्यसभा सांसद, एससी कमीशन के पूर्व चेयरमैन ईश्वर सिंह ने भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक गुर्जर से मुलाकात कर हलके की सियासत को नया मोड़ दे दिया है। उनकी इस सक्रियता को लेकर राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। ईश्वर सिंह पिछले विधानसभा चुनाव में जजपा से विधायक बने थे, लेकिन हाल के दिनों में उनके कदम भाजपा की ओर बढ़ते दिखाई दे रहे हैं। उनकी पुत्रवधू ने कुछ समय पहले ही भाजपा का दामन थामा था, जिसे क्षेत्र में बड़ा राजनीतिक संदेश माना गया। इसके बाद ईश्वर सिंह खुद भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बढ़ौली से मुलाकात कर चुके हैं और अब अशोक गुर्जर से मिलकर भाजपा के साथ नजदीकियां और बढ़ा दी हैं। वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सैनी की कार्यशैली व नीतियों से प्रभावित हैं।

सफा खेड़ी के प्रगतिशील किसान को सीएम ने किया सम्मानित

- हिसार में आयोजित कृषि मेले में सम्मानित किया गया

उचाना। प्रगतिशील किसान सुरेंद्र सफा खेड़ी को सम्मानित करते हुए सीएम नायब सिंह सैनी। फोटो:हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उचाना

सफा खेड़ी गांव के प्रगतिशील किसान सुरेंद्र श्योकंद को सीएम नायब सिंह सैनी द्वारा हिसार में आयोजित कृषि मेले में सम्मानित किया। जींद जिले से वो एक मात्र किसान थे जिन्हें इस कृषि मेले में आमंत्रित किया गया। सुरेंद्र श्योकंद ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा कृषि नवाचार के लिए हिसर में आयोजित कृषि मेले के लिए आमंत्रित किया। इस तरह के प्रोत्साहन किसानों को अगर मिलते है तो उससे प्रोत्साहित किसान होता है। प्रदेश के सात आर्गेनिक खेती करने वाले युवा किसानों में से जींद में से केवल उसे सम्मानित होने का अवसर मिला। श्योकंद ने कहा कि वे और अधिक किसानों को जैविक खेती से जोड़कर ऑनलाइन के माध्यम से आर्गेनिक सब्जियों की सीधी बिक्री कैसे हो जिससे किसान को फायदा हो के बारे में प्रेरित करेंगे। खेती केवल पेट भरने का जरिया न बने बल्कि रोजगार, सम्मान एवं आत्मनिर्भरता का सशक्त साधन बन सकती है।

निजी मोबाइल से रिर्पोट करने पर स्वास्थ्य कर्मियों में रोष

जींद। बहुउद्देश्यीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा संसाधन उपलब्ध करवाए बिना बहुउद्देश्यीय स्वास्थ्य कर्मचारियों को अपने निजी मोबाइल से स्वास्थ्य कार्यक्रमों की रिर्पोट को ऑनलाइन करने के लिए बाध्य करने पर रोष जताया है। प्रदेशाध्यक्ष शर्मिला देवी, जिला सचिव गुरनाम सिंह ने बताया कि कुछ अधिकारी अपने निजि स्वार्थ के लिए सरकार को गुमराह करके कर्मचारियों को अनवाश्यक परेशान करने पर तुले हुए हैं। पहले अपने निजी मोबाइल में जियो फेंसिंग लोकेशन आधारित उपस्थिति लगाने के गैर कानूनी आदेश देकर चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मचारियों पर कार्यवाही की धमकी दी गई थी।

अग्रवाल सभा सीवन ने हर्षोल्लास के साथ मनाई महाराजा अग्रसेन जयंती

- यज्ञ में श्रद्धालुओं, महिलाओं, बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों ने भारी संख्या में भाग लिया

सीवन। सीवन में आयोजित हवन में भाग लेते अग्रवाल सभा के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीवन

अग्रवाल सभा सीवन की ओर से नगर में महाराजा अग्रसेन जयंती बड़े ही उत्साह और धूमधाम के साथ मनाई गई। इस अवसर पर प्रातः विधिवत हवन-यज्ञ व पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं, महिलाओं, बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों ने भारी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम में विशेष तौर पर कृष्ण गर्ग, संगीत बंसल, विवेक गोयल रिक्की, विक्रम मंगल, जोगध्यान बंसल, डॉ. बृजमोहन सिंगला, कृष्ण लाल बंसल, बृजमोहन कंसल, नीरज कंसल उपस्थित रहे। इस दौरान वक्ताओं ने महाराजा अग्रसेन जी के आदर्शों और शिक्षाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महाराजा अग्रसेन ने समाज को एकता, परोपकार और समानता का जो संदेश दिया, वह आज भी समाज के लिए प्रेरणादायी है। सभा परिसर को फूलों और रंग-बिरंगी झालरों से सजाया गया। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय कलाकारों ने भक्ति गीत और नृत्य प्रस्तुत कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। अंत में भंडारे का आयोजन कर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। बड़ी संख्या में लोगों की मौजूद रहे।

98 वर्षीय किसान चंद्र ने फसल खराबे के मुआवजे का मुकदमा तीन साल में जीता

जींद। अधिवक्ता के साथ गांव भैरोखेड़ा के 98 वर्षीय किसान चंद्र। फोटो:हरिभूमि

जींद। गांव भैरोखेड़ा के 98 वर्षीय किसान चंद्र ने उपभोक्ता कमीशन जींद में एसबीआई जनरल इंश्योरेंस के खिलाफ फसल खराबे के मुआवजे का मुकद्मा लगभग तीन साल की कानूनी लड़ाई के बाद जीता। बुजुर्ग किसान ने अपनी 10 एकड़ गेहूं फसल का बीमा बैंक ऑफ बड़ौदा के माध्यम से 13 दिसंबर 2019 को करवाया था। उसके बाद किसान की फसल जलभराव के कारण खत्म हो गई थी। बुजुर्ग किसान ने कृषि विभाग व इंश्योरेंस कंपनी कार्यालय के चक्कर काटे लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। उसके बाद किसान ने अधिवक्ता रणबीर नरवाल के माध्यम से जिला उपभोक्ता अदालत में 23 फरवरी 2021 को मुकदमा दायर कर दिया। लगभग तीन वर्ष की कानूनी लड़ाई के बाद बुजुर्ग किसान के हक में उपभोक्ता कमीशन ने फैसला सुनाया। उपभोक्ता कमीशन के अध्यक्ष एके सरदाना की पीठ द्वारा सात जून 2024 को बीमा कंपनी को जवाब देही तय करते हुए बुजुर्ग किसान को दो लाख 57 हजार 418 रुपये मुआवजा देने का आदेश जारी किया।

औद्योगिक क्षेत्र में ईएसआई हेल्थ केयर ने लगाया

72 लोगों का स्वास्थ्य जांचा व दवाइयां मुफ्त दी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

गांव जलालपुरा कलां में स्थित औद्योगिक क्षेत्र की फैक्टरियों में काम करने वाले मजदूरों की स्वास्थ्य जांच के लिए ईएसआई हैल्थ केयर हरियाणा की ओर से सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत कैंप का आयोजन किया गया। इसमें 72 लोगों की जांच की गई और दवाइयां मुफ्त वितरित की गई। कार्यक्रम में हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा के प्रतिनिधि राजन चिल्लाना ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की। जबकि स्वच्छ भारत मिशन के सदस्य और प्रसिद्ध समाजसेवी सुनील रेढू विशिष्ट अतिथि रहे। कैंप में सीबीसी, एलएफटी और अन्य लैब टेस्ट, ईसीजी की गई। डिप्टी स्पीकर प्रतिनिधि राजन चिल्लाना ने कहा कि इस प्रकार के कैंपों से मजदूरों को काफी फायदा मिलता है। इसलिए समय-समय पर इस प्रकार के कैंप आयोजित होने चाहिए। इस पर डा. जागलान ने कहा कि भविष्य में इस तरह के कैंप आयोजित किए जाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि ईएसआई अस्पताल में मरीजों की मुफ्त जांच और उपचार किया जाता है। मरीजों को मुफ्त दवाइयां दी जाती हैं। विशिष्ट अतिथि सुनील रेढू ने कहा कि गलत खान-पान के कारण बीमारियां बढ़ रही हैं।

जींद। कैंप में मरीजों की जांच करते अतिरिक्त सीनियर मैडिकल अधिकारी डा. सुभाष जागलान तथा डिप्टी स्पीकर प्रतिनिधि राजन चिलाना को सम्मानित करते डा. जागलान। फोटो:हरिभूमि

गलत खान पान से परेशानी

डा. सुभाष जागलान ने कहा कि आज गलत खान-पान के कारण बीपीपी की बीमारी लगातार बढ़ रही है। लोगों को फास्ट फूड खाने से बचना चाहिएए क्योंकि ज्यादातर बीमारियों की जड़ फास्ट फूड है। डा. सुभाष जागलान के अनुसार औद्योगिक क्षेत्र की फैक्टरियों में काम करने वाले 72 मजदूरों की जांच कैंप में की गई। डा. निकिता, वरिष्ठ औषधाकारक गुलशन कुमार, पूजा, एलटी किरण, एएनएम सोनिया खास तौर पर मौजूद रहे।